


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 28 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-030 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112




# भूपेश बघेल ने किया 82 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का लोकार्पण - शिलान्यास

**कुरुद,28 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कुरूद विधानसभा के प्रवास के दौरान सेमरा बी. में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कुल 82 करोड़ 39 लाख 05 हजार रूपये के 65 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 45 करोड़ 27 लाख 15 हजार रूपये के 31 कार्यों का लोकार्पण और 37 करोड़ 11 लाख 90 हजार रूपये के 34 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के 9.40 लाख रूपये की लागत के दो कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें कुरूद के शासकीय उद्यान रोपणी गाड़ाडीह में चार लाख रूपये की लागत के कर्मचारी आवास निर्माण और 5.40 लाख रूपये की लागत के वर्किंग शेड निर्माण शामिल है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी के 106.12 लाख रूपये की लागत के दो कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें गातापार स्थित दुग्ध प्रोसेसिंग इकाई हेतु 35 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण और भखारा में 71.12 लाख रूपये की लागत का नवीन तहसील कार्यालय भवन निर्माण सम्मिलित है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 201.55 लाख रूपये की लागत के 17 कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा, मरौद, थूहा और मंदरौद में 6.83-6.83 लाख रूपये की लागत के प्रयोगशाला कक्ष, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा, मंदरौद और संकरी में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण 6.34-6.34 लाख रूपये की लागत का लोकार्पण किया।

### हितग्राहियों को किया चेक और सामग्रियों का वितरण

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कुरूद विधानसभा के सेमरा बी. में भेंट-मुलाकात के दौरान हितग्राहियों को प्रतीकात्मक तौर पर सामग्री और चेक का वितरण किया। इनमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत पांच हितग्राहियों को सामग्री वितरण, आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से विशेष पिछड़ी जनजाति के 15 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र, अनुकम्पा नियुक्ति के एक हितग्राही को नियुक्ति पत्र और वनग्राम से राजस्व ग्राम अभिलेख अद्यतन के तहत पांच हितग्राहियों को ऑनलाइन अधिकार अभिलेख राजस्व विभाग की ओर से प्रदाय किया गया।

### हंचलपुर गौठान पहुंचे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हंचलपुर गौठान पहुंचे है. यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर गौठान में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री बघेल ने गौठान में गोबर पेंट निर्माण सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। यहां गोबर निर्माण का कार्य करने वाली दीदीयों ने मुख्यमंत्री से गोबर पेंट निर्माण की प्रक्रिया साझा किया।

# पूजा कराकर लौट रही नई कार की ट्रक से टक्कर,3 की मौत

**राजनांदगांव,28 अप्रैल**



जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमे 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी मंदिर नए कार की पूजा कराने गया हुआ था। सभी पूजा कराकर वापिस लौट रहे थे तभी उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों में से तीन की मौत हो गई। अन्य घायलों को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक डौंडी विकासखण्ड के गीधाली गांव निवासी साहू परिवार के लोगों ने नई कार (स्विफ्ट डिजायर) खरीदी थी जिसकी पूजा कराने मां बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ ले गए थे। पूजा अर्चना कर परिवार के 6 लोग गाड़ी में सवार होकर वापस अपने गांव गिधाली लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में गांव से पहले डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के सहगांव में कार ट्रक की चपेट में आ गई। जिसके चलते कार सवार चम्पा लाल साहू- पिता रामजी साहू, और उनकी माता अहिल्याबाई- पति रामजी साहू, चम्पालाल की पुत्री खुशबू साहू की मौत घटना स्थल पर हो गई।

वहीं तीन लोग चम्पालाल की पत्नी यमुना साहू, पिता रामजी साहू और भतीजा इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। घटना के बाद से ही गांव में शोक की लहर है

## कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस अगले महीने

**रायपुर,28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अगले महीने मई के माह में कलेक्टर और एसपी कॉन्फ्रेंस लेने वाले हैं। इससे पहले ही नये अधिकारियों को नयी पोस्टिंग दे दी जाएगी। इस लिस्ट को चुनाव के मद्देनजर रखकर भी बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसे चुनाव से पहले का प्रशासनिक फेरबदल बताया जा रहा है। हालांकि चुनाव से पहले यह अंतिम तबादला नहीं होगा। इसके बाद भी तबादले हो सकते हैं। राज्य सरकार इस समय आईजी के साथ ही कई जिलों के एसपी बदलने जा रही है। इस लिस्ट में ज्यादातर नाम उनके हैं, जिन्हे एक जिले में दो साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। इसके अलावा अधिकारियों की परफॉर्मेंस भी तबादले का आधार बनेगी। रायपुर एसएसपी की जगह दुर्ग या बिलासपुर के एसपी को रायपुर लाया जा सकता हैं। इसमें दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव का नाम पहला है, क्योंकि संतोष सिंह जनवरी में ही बिलासपुर एसपी बनाए गए हैं। रायपुर एसपी प्रशांत अग्रवाल को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी दी जा सकती है। राजनांदगांव एसपी अभिषेक मीणा हाल ही में वहां भेजे गए हैं, लेकिन उनका नाम भी लिस्ट में होने की चर्चा है. बलौदाबाजार, अंबिकापुर, बेमेतरा, राजनांदगांव, मुंगेली, महासमुंद, कांकेर, धमतरी, सुकमा, जगदलपुर और बस्तर के एसपी भी बदले जाएंगे। कांकेर एसपी शलभ सिन्हा को किसी बड़े जिले की कमान दी जा सकती है।

## जिया खान सुसाइड केस में सूरज पंचोली बरी

**मुंबई,28 अप्रैल।** दिवंगत अभिनेत्री जिया खान आत्महत्या मामले में अभिनेता सूरज पंचोली को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने बरी कर दिया है। बताया जा रहा है कि सबूतों की कमी के चलते अभिनेता सूरज पंचोली को बरी कर दिया गया है। अभिनेता सूरज पंचोली पर जिया खान को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि ऊपर अदालत में अपील कर सकते हैं। जिया खान आत्महत्या केस में 10 साल बाद इसकी सुनवाई की गई जिसके बाद कोर्ट ने अभिनेता को राहत देते हुए ये बड़ा फैसला सुनाया है। बता दें, तीन जून 2013 को एक्ट्रेस जिया खान अपने घर में मृत मिली थी और उस वक्त उनके बॉयफ्रेंड और अभिनेता सूरज पंचोली पर एक्ट्रेस को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था।

## संक्षेप

### बैलाडीला और दल्लीराजहरा में एफएम ट्रांसमीटर शुरू

**नई दिल्ली,28 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बैलाडीला और दल्लीराजहरा के साथ देशभर में 91 नए एफएम ट्रांसमीटर का शुभारंभ किया. देशभर में स्थापित किए गए 100 वॉट क्षमता वाले 91 नए एफएम ट्रांसमीटर के जरिए एफएम कवरेज के क्षेत्र में क्रांतिकारी शुरुआत होगी.

### रेत में दबी मिली अज्ञात मासूम की लाश, इलाके में मचा हड़कंप

**बेमेतरा,28 अप्रैल।** जिले से इस वक्त बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है जहां नवागढ़ के तिलकापारा जुड़ावन बंध तालाब के किनारे निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान रेत में एक अज्ञात युवती की शव दबी मिली। मकान निर्माण के लिए 1 माह पूर्व बलौदाबाजार से रेत मंगाया गया था। बेमेतरा जिले के नवागढ़ का पूरा मामला। आपको बता दें कि निर्माणधीन मकान के मलिक जब रेत के ढेर के पास पहुंचे तो दिखी कि अज्ञात युवती की लाश रेट में दबी हुई थी। जानकारी के बाद नवागढ़ पुलिस जाँच में जुटी गयी है। जिले के ग्राम मंगलौर में विगत दिनों से भारी मात्रा में अवैध रेत खनन का कारोबार चल रहा था। खनन माफियों ने जमीन को किया 15 से 20 फीट गहरा गड्ढा कर दिया है। उसी गड्ढे में 5 वर्षीय बच्चे के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। शव को देखकर प्रथम दृष्टया यह जताई जा रही है कि लाश काफी पुरानी है, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विवेचना कर रही है।

### पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**रायपुर,28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपने और पत्नी के खिलाफ चल रही जांच को सीबीआई को ट्रांसफर करने का आग्रह किया है. प्रकरण पर चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई होगी. पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मिन सिंह के खिलाफ ईओडब्ल्यू- एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया हुआ है. मामले में दोनों पति-पत्नी दो बार ईओडब्ल्यू- एसीबी में बयान भी दर्ज करा चुके हैं. इन सबके बीच दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए अपने खिलाफ चल रही जांच सीबीआई को ट्रांसफर करने की मांग की है. चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ की पीठ में आज ही प्रकरण की सुनवाई होगी.

### रेलवे स्टेशन स्थित होटल में आग

**रायपुर,28 अप्रैल।** राजधानी के रेलवे स्टेशन के नजदीक एक होटल में भीषण आग लग गई जिसके बाद आस पास दहशत का माहौल हो गया। आने जाने वाले लोगों ने जब इस खौफनाक मंजर को देखा तो वे हैरान हो गए। आग स्टेशन के नजदीक रुद्र ऋध्द नामक होटल में लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और फ़ौरन आग पर काबू पाया गया। घटना कल गुरूवार देर रात की है। जब घटना हुई, सड़क पर वाहनों की आवाजाही काफी कम थी। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आ सकी है।

फिलहाल कारणों का पता लगाया जा रहा है और आग से हुए नुक्सान की भी जांच की जा रही है। जिस तरह से आग लगी है इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। हालांकि अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।



# नक्सलियों ने टॉवर में लगाई आग

**दंतेवाड़ा,28 अप्रैल।** अरनपुर नक्सली हमले के सदमे से लोग अभी उभरे भी नहीं थे की नक्सलियों ने एक और बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। नक्सलियों द्वारा लगातार घटनाओं को अंजाम दिए जाने से ग्रामीण डर कर जीने में मजबूर है। अरनपुर में बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने नारायणपुर में भी सड़क को काट दिया था। वहीं अब नक्सलियों ने मालेवाही थाना के हर्राकोडेर गाँव में मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में मोबाइल टावर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वहीं घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और साथ ही इलाके में मोबाइल फोन काम नहीं कर रहे हैं। टावर में आग लगाने के बाद नक्सलियों ने बैनर भी लगाए हैं।

# भाजपा विधायक ने सोनिया गांधी को कहा विषकन्या, कांग्रेस का पलटवार

**बेंगलुरु,28 अप्रैल।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार जारी है। प्रचार में नेता एक-दूसरे के खिलाफ बदजुबानी भी कर रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए उन्हें जहरीले सांप की तरह बताया था। इसके बाद अब एक भाजपा विधायक ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को लेकर आपत्तीजनक टिप्पणी की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक के कोप्पल में एक भाषण के दौरान, भाजपा विधायक बासनगौड़ा यतनाल ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में एक व्यक्तिगत टिप्पणी की और उन्हें विष कन्या (विषाक्त लड़की) और चीन और पाकिस्तान का एजेंट कहा।



भाजपा नेता ने कहा कि पूरी दुनिया ने पीएम मोदी को स्वीकार किया है। अमेरिका ने एक बार उन्हें वीजा देने से मना कर दिया था। बाद में उन्होंने रेड कार्पेट बिछाया और मोदी का स्वागत किया। अब, वे (कांग्रेस) उनकी तुलना कोबरा सांप से कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वह जहर उगलेंगे। क्या सोनिया गांधी एक जहरीली महिला (विशा कन्या) हैं? उसने चीन और पाकिस्तान के साथ उनके एजेंट के रूप में काम किया। अब इस पर कांग्रेस का पलटवार आया है।

मोदी और शाह अब क्या कहते हैं: भूपेश

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कर्नाटक में भाजपा के एक विधायक ने सोनिया गांधी को विष कन्या कहा है। कल खड़गे जी के बयान का उन्होंने(भाजपा) पूरे देश में विरोध किया।

इसके साथ ही बघेल ने कहा कि खड़गे ने कहा कि जहरीले सांप जैसा है, फिर भी उन्होंने बड़प्पन दिखाते हुए शब्द वापस लिया है। आज उनके(भाजपा) विधायक द्वारा सोनिया गांधी जी को विष कन्या कहा गया है। इस मामले में नरेंद्र मोदी जी और अमित शाह जी क्या कहते हैं ये देश जानना चाहती है। भाजपा नेता का बयान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम मोदी पर निशाना साधने के एक दिन बाद आया है, उन्होंने कहा, मोदी एक जहरीले सांप की तरह हैं। यदि आपको लगता है कि यह जहर है या नहीं और आप इसे चाटते हैं, तो आप मर चुके हैं। आप सोच सकते हैं- क्या यह जहर है? मोदी एक अच्छे इंसान हैं। उन्होंने इसे दिया है और हम इसे देखेंगे।

## सत्यपाल मलिक के घर पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली,28 अप्रैल।** सीबीआई आज केंद्र शासित प्रदेश में कथित बीमा घोटाले की जांच के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से पूछताछ करेगी। यह घोटाला मलिक के इस बयान के बाद सामने आया था कि उन्हें इससे संबंधित फाइलों को मंजूरी देने के लिए रिश्वत की पेशकश की गई थी। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम सत्यपाल मलिक के दावों पर उनसे



सवाल-जवाब करने के लिए राजधानी दिल्ली के आरके पुरम इलाके में उनके सोम विहार आवास पर सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर पहुंची। उन्होंने बताया कि मलिक इस मामले में अभी तक आरोपी या संदिग्ध नहीं हैं। सीबीआई सात महीने में यह दूसरी बार है कि विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रहे मलिक से पूछताछ करेगी। बिहार, जम्मू कश्मीर, गोवा और मेघालय में राज्यपाल संबंधी जिम्मेदारियां निभाने के बाद पिछले साल अक्टूबर में उनका बयान दर्ज किया गया था। सीबीआई के पूछताछ के ताजा नोटिस के बाद सत्यपाल मलिक ने हैशटैग सीबीआई के साथ ट्वीट किया था,मैंने सच बोलकर कुछ लोगों के पाप उजागर किए हैं। हो सकता है, इसलिए मुझे बुलाया गया हो। मैं किसान का बेटा हूं, मैं घबराऊंगा नहीं। मैं सच के साथ खड़ा हूं। सीबीआई ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक सामूहिक चिकित्सा बीमा योजना के ठेके देने में और जम्मू-कश्मीर में कीरू जलविद्युत परियोजना से जुड़े 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के मलिक के आरोपों के संबंध में दो एफआईआर दर्ज की थीं। मलिक ने दावा किया था कि उन्हें 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल के दौरान दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

# गाय से वंदे भारत टकराई

**भोपाल,28 अप्रैल।** देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर हादसे का शिकार हो गई है. दिल्ली से भोपाल वापस आ रही ट्रेन ग्वालियर में हादसे का शिकार हुई. ट्रेन के सामने गाय के आ जाने से हादसा हुआ. बता दें, घटना शाम 6:15 बजे के करीब हुई. गाय के टकराने से ट्रेन का बोनट खुल गया और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. बता दें, हादसे के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन करीब 15 मिनट तक ग्वालियर के डबरा स्टेशन पर खड़ी रही. वहीं, ट्रेन को देखने के लिए आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई. रेलवे के टेक्निकल स्टाफ द्वारा स्टेशन पर ही बोनट को ठीक किया गया जिसके बाद ट्रेन रवाना हो सकी. ये पहली बार नहीं है जब वंदे भारत ट्रेन हादसे का शिकार हुई है. इससे पहले भी वंदे भारत एक्सप्रेस कई बार दुर्घटना का शिकार हो चुकी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अप्रैल को भोपाल से मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था. अभी इस ट्रेन को शुरू हुए 1 महीना भी नहीं हुआ और ये हादसे का शिकार हो गई. वंदे भारत एक्सप्रेस से भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली स्टेशन तक के सफर में 7 घंटे और 50 मिनट का समय लगेगा. वंदे भारत ट्रेन से मवेशियों के टकराने की घटनाओं को लेकर रेलवे प्रशासन बेहद चिंतित है. इन्हें रोकने के लिए कई



तरह की कोशिशें जारी हैं. भारतीय रेलवे इन दिनों आधुनिकता पर जोर दे रहा है. रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड किया जा रहा है. नई-नई हाई स्पीड ट्रेनें लॉन्च हो रही हैं. इसी कड़ी में सरकार ने भविष्य में पूरे भारत में 400 वंदे भारत ट्रेनें चलाने का फैसला किया है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के करीब 1600 डिब्बों का निर्माण किया जाएगा. इनमें से प्रत्येक पर आठ करोड़ से नौ करोड़ रुपये की लागत आएगी. सरकार के मुताबिक नई वंदे भारत ट्रेनें 200 किमी प्रति घंटे (किमी प्रति घंटे) की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम होंगी.

## रामनवमीं पर सूर्य किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी

**अयोध्या,28 अप्रैल।** अयोध्या के राम मंदिर का निर्माण जोरों पर चल रहा है और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। भगवान राम के गर्भगृह का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा और भक्तों के लिए जनवरी 2024 में इसे खोल दिया जाएगा। हालांकि, दूसरी मंजिल और मंदिर के अन्य हिस्सों का निर्माण जारी रहेगा। भगवान राम और सीता मां की मूर्तियों को बनाने के लिए शालिग्राम के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मूर्तियों को बनाने के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, वे नेपाल से खरीदे गए हैं और माना जाता है कि वे 60 मिलियन वर्ष पुराने हैं और नेपाल की काली गंडकी नदी में खोजे गए थे। भगवान राम की मूर्ति की ऊंचाई 5 से 5.5 फीट के बीच होगी। भगवान राम की ऊंचाई इस तरह से चुनी गई है कि रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें सीधे भगवान राम के माथे पर पड़े। यानि कि राम लला की मूर्ति पर राम नवमी के दिन सूर्य की किरणें अभिषेक करें। मूर्तियों का निर्माण अयोध्या में होगा जहां राम मंदिर का निर्माण चल रहा है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित करेंगे। उस दिन ऐसे समय किया जाएगा जब पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर रहेंगी। इसे सूर्य तिलक कहा गया है। मंदिर का निर्माण पूरा होने से पहले ही उसे दान मिलना शुरू हो गया और मंदिर ट्रस्ट द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, जनवरी 2023 से मंदिर का दान तीन गुना बढ़ गया है। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के मूल गर्भगृह में राम लला की बाल्यकाल की पांच फुट ऊंची, धनुर्धारी रूपी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। रामलला की नई मूर्ति को लेकर विचारविमर्श करने के लिए अयोध्या में ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक सोमवार से आयोजित हुई थी।

## एक नजर

### गांवों में अधिकारी, कर्मचारी घर-घर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कर रहे



**कवर्धा,28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य हो रही है । गांव नेऊरगांवकला में प्रगणक लक्ष्मी शर्मा, भगवती महोबिया, राजकुमार कोल, संतोष निषाद, व्याख्याता वीरेंद्र मरकाम घर घर पहुंचकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कर रहे है ।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में हुई सामान्य सभा की बैठक



**कवर्धा,28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति एवं समान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, जिला पंचायत की त्रैमासिक आय व्यय, राष्ट्रीय जल ग्रहण मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई । जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा साहू , जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल , जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट , जिला पंचायत सदस्य विजय शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### नगर पालिका में महिलाओं में दिखी मास्क पहनने के प्रति जागरूकता

**कवर्धा,28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़**



**संवाददाता)।** कवर्धा नगर पालिका में तरुण छत्तीसगढ़ ने मास्क पहनने का जायजा लिया तो मास्क पहनकर महिलाए कार्य करते हुए और कुछ महिलाए आफिस में भी मास्क पहनकर आते हुए दिखे ।

### सामग्री प्रबंधन दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन



**भिलाई, 28 अप्रैल।** बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग ने सामग्री प्रबंधन दिवस के उपलक्ष्य में प्रभावी जीवन प्रबंधन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया। समारोह का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सौरभ मुखर्जी ने आधुनिक जीवन शैली में स्वास्थ्य प्रबंधन पर अपना उद्बोधन दिया और विशेष रूप से हृदय रोग के कारण और बचाव से श्रोताओं को अवगत किया। दूसरे चरण में रामकृष्ण मिशन रायपुर से पधारे स्वामी प्रस्यानंद ने वर्तमान परिदृश्य में भागवत गीता की प्रासंगिकता विषय पर अपना व्याख्यान दिया। स्वामी जी ने बताया कि कर्म बंधन से बचने के लिए हमें प्रत्येक कर्म निष्काम भाव से करना चाहिए और उसे ईश्वर को समर्पित करना चाहिए। इससे हम कर्म के कारण होने वाले पाप से बच जायेंगे और हमारा कर्ता होने का घमंड भी जाता रहेगा। स्वामी जी ने श्रोताओं की शंकाओं का समाधान भी किया।

# मनुष्य का कर्म ही उसके जीवन की पूंजी : पंडित प्रदीप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अप्रैल।** विश्वविख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से श्री एकांतेश्वर महादेव की कथा सुनने तीसरे दिन भी भक्तों का काफिला उमड़ पड़ा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाई। अपनी कथा में एकांतेश्वर महादेव की महिमा बताते हुए कहा कि पार्वतीजी ने फल की प्राप्ति के लिए एकांतेश्वर महादेव की आराधना की थी। दुनिया मे हर दूल्हे की बारात घर अथवा मंदिर से निकलती हैं लेकिन शिवजी की बारात शमशान से निकली थी। ब्रह्मा जी, विष्णु से शिवजी से बारात में चलने के लिए तीन दिन से आग्रह कर रहे थे, लेकिन शिव जी ने कहा अभी मुहूर्त नहीं हुआ हैं। तीन दिन के बाद जब श्मशान में लाश जली तो उस लाश की राख लपेटकर भगवान शंकर अपने साथियों के साथ बारात के लिए निकले। कथा के समापन पर आज नंदी पर बैठे बम भोला दूल्हा बनके भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। शिवपुराण का महत्व बताते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि शिवपुराण कर्म प्रधान हैं, कर्म की बात करता है। अगर आप किसी भूखे को रोटी और बेसहारे को सहारा देते हैं तो आपके बुरे समय में महादेव भी आपका साथ देंगे। महादेव को प्रसन्न करने के लिए जरूरी नहीं हैं कि आप मंदिर में दीप और अगरबत्ती जलाएं अगर आप किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट ला देते हैं, किसी असहाय की सहायता कर देते हैं तो महादेव का आशीर्वाद आप पर सदैव बना रहेगा। आप जैसा व्यवहार अपने लिए चाहते हैं वैसा ही व्यवहार आपको दूसरों के साथ भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अपने कर्म को सदैव अच्छा रखो अगर कोई बुरा कर्म करता हैं तो उसकी वजह से आप बुरे कर्म मत करो आप अपना कर्म हमेशा सही रखो। पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शिवमहापुराण में वर्णित 10 पुण्य का कार्य प्रत्येक मनुष्य को अवश्य करना चाहिए। चार पुण्य वाणी के होते हैं - सत्य बोलना, स्वाध्याय, प्रिय वाणी, हितकर वाणी। तीन पुण्य शरीर के होते हैं - दोनों हाथों से दान, रक्षा करना, सेवा करना और तीन पुण्य मन के होते हैं - हर जीव पर दया करना, लोभ का त्याग करना एवं ईश्वर में श्रद्धा एवं विश्वास बनाये रखना।

### एकांतेश्वर महादेव का अर्थ-दिखावे की भक्ति से दूर रहना है

एकांतेश्वर स्वरूप का अर्थ बताते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि एकांतेश्वर का अर्थ एकान्त में दिखावे से दूर महादेव की आराधना करना हैं। दिखावे के जमाने में भी जो लोग दिखावे से दूर होते हैं वो महादेव को प्रिय होते हैं, महादेव उनकी भक्ति से शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं। भगवान शिव सहज हैं वो भक्तों को दुनिया की मोह माया से निकालते हैं। पंडित जी ने बताया कि अगर आप किसी विषम परिस्थिति में फँसे हों और कोई समाधान नहीं मिल रहा है, सभी जगह प्रयास कर लिए लेकिन समस्या सुलझने के बजाय उलझती जा रही है तो एकांत में स्थित शिव मंदिर में महादेव की आराधना करनी चाहिए अगर एकांत में मंदिर नहीं मिल रहा है तो किसी एकांत जगह मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर एक बेलपत्र, एक चावल का दाना, एक श्वेत पुष्प, एक दूब पत्ती और एक शमी के पत्ते मात्र से भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं और सारी समस्या को दूर करते हैं।

### कथा में भिलाईवासियों की उदारता एवं भक्ति भाव का किया जिक्र

पंडित जी ने कथा में भिलाई वासियों की श्रद्धा एवं भक्ति भाव का जिक्र करते हुए बताया कि रात में पंडाल में रुके श्रद्धालुओं के लिए भिलाई के निवासी, सामाजिक संगठन भोजन, बिस्किट, शर्बत लेकर उपस्थित हो जाते हैं ताकि किसी श्रद्धालु को परेशानी न हो। आयोजन समिति, सामाजिक संगठन, प्रशासन द्वारा द्वारा सभी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई प्रकार के इंतजाम किए गए हैं।

### पशुपति नाथ व्रत से मिला फल

सुषमा बोरिकर बालाघाट निवासी ने पत्र में लिखा था कि उनके बेटे बीरेंद्र बोरिकर 8 साल से नौकरी के लिए प्रयासरत था हर बार एक, दो नम्बर से चूक जाता था। सुषमा बोरिकर ने पत्र में लिखा कि 2018 से आस्था चैनल पर कथा सुन रही थी। उन्होंने पत्र में बताया कि उन्होंने अपने बेटे को मंदिर जाने के लिए कहा तो बेटे ने सवाल किया कि मंदिर जाने से क्या होगा? सुषमाजी ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे के मन में शिव के प्रति विश्वास जगाया एवं मंदिर भेजना प्रारम्भ किया। सुषमा ने पशुपति नाथ का व्रत करना प्रारम्भ किया और उनके बेटे ने बेल पत्र पर शहद लगाकर शिवजी को अर्पित कर पूरी मेहनत से परीक्षा देने गया और आज उसकी जॉब रेलवे में लग गई।

## 30 अप्रैल को दुर्ग जिला भाजपा 348 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 28 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा 13 मंडलों में 348 स्थानों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था कर रहा है यह एपिसोड 100 वा एपिसोड है इसलिए इसे 100 की संख्या में सुनने का निर्देश केंद्र एवं प्रदेश से प्राप्त हुआ है इस संबंध में कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर एक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की उपस्थिति में रखी गई जिसमें जिला महामंत्री ललित चंद्राकर सुरेंद्र कौशिक एवं मन की बात के जिला संयोजक अजय तिवारी विशेष रुप से उपस्थित रहे इस बैठक में जिले के 13 मंडलों में प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है जिसमें गंजपारा सदर मंडल शिव चंद्राकर चंडी शीतला मंडल संतोष सोनी कसारिडीह बोरसी मंडल डॉ अनिल साहू सिकोला भाटा पाटरीपार मंडल अनूप गटागट अंजोरा मंडल सुरेंद्र बजाज उत्तर मंडल दिनेश मारोटी जेवरा सिरसा मंडल राकेश यादव अहिवारा मंडल विनायक नातू मध्य पाटन मंडल विनायक ताम्रकार उत्तर पाटन मंडल रूपनारायण शर्मा दक्षिण पाटन मंडल साजन जोसफ धमधा मंडल पवन शर्मा बोरिया मंडल मनोज शर्मा को नियुक्त किया गयासाथ ही 348 स्थानों पर जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों को अतिथि के रूप में भी भेजा जा रहा है जिसमें प्रमुख रुप से राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे रायपुर नाका लोकसभा सांसद विजय बघेल उत्तर पाटन ग्राम चीचा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ऊतई नगर पंचायत पूर्व मंत्री रमशीला साहू ग्राम हनौदा पूर्व विधायक डोमन लाल कौर्सेवाडा ग्राम नारधा प्रीतपाल बेलचंदन ग्राम खोपली अजय तिवारी दीपक नगर ललित चंद्राकर ग्राम बोरई सुरेंद्र कौशिक राजीव नगर नटवर ताम्रकार अहिवारा बूथ 18 संतोष सोनी वार्ड 2 साजन जोसेफ ग्राम किकिरमेटा सुरेंद्र बजाज ग्राम महमरा रोहित साहू ग्राम कुंम्हली शिव चंद्राकर वार्ड 39 अलका बाघमार पुलगांव वार्ड 55 अनीता बंजारे ग्राम गिरहोला दिनेश देवांगन बूथ 91 नीलेश अग्रवाल चंडी चौक राजेंद्र पाध्ये पचरी पारा फत्ते वर्मा ग्राम मचंदूर सुनील अग्रवाल बूथ 17 विजय ताम्रकार राजीव नगर वार्ड दो रजनीश श्रीवास्तव आर्य नगर के साथ सभी कार्यक्रम में अतिथि तय कर भेजे जा रहे हैं ताकि माननीय प्रधानमंत्री जी के इस सौवे एपिसोड के माध्यम से लोगों के बीच मन की बात को पहुंचाया जा सके ।

### महिला ने प्रभारी निरीक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

**भिलाई, 28 अप्रैल।** भिलाई पुलिस के जिला विशेष शाखा ( डीएसबी ) में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र यादव पर दुष्कर्म का आरोप लगा है मामले में महिला की शिकायत पर निरीक्षक यादव को गुरुवार शाम को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। निरीक्षक ने दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना में बतौर प्रभारी अपनी पदस्थापना के दौरान महिला से अनाचार किया था। मामले में आज आरोपी को भिलाई-3 न्यायालय में पेश करने की तैयारी है दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना में प्रभारी रह चुके निरीक्षक राजेन्द्र यादव ( 52 वर्ष ) पर एक महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस आरोप के बाद पुलिस ने आरोपी निरीक्षक को गुरुवार की शाम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। पीड़िता महिला की शिकायत पर पूछताछ और प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी राजेन्द्र यादव के खिलाफ दुर्ग कोतवाली पुलिस ने जीरो में मामला कायम कर केस डायरी अमलेश्वर थाना को भेज दिया है जानकारी के मुताबिक अमलेश्वर की रहने वाली एक महिला ने दुर्ग रेंज आईजी डॉ आनंद छाबड़ा को लिखित शिकायत करते हुए निरीक्षक राजेन्द्र यादव पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। आईजी ने सीएसपी दुर्ग आईपीएस वैभव बैंकर को शिकायत के आधार पर मामले में जांच कराने का निर्देश दिया। सीएसपी के दिशा निर्देश पर दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई एस एन सिंह ने जांच किया जिसके बाद धारा 376 के तहत अपराध कायम कर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया ।

## रविशंकर शुक्ल मार्केट को बनाएंगे स्मार्ट मार्केट:देवेंद्र

**भिलाई, 28 अप्रैल।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार भेंट मुलाकात कार्यक्रम कर रहे हैं। वे सुबह से ही लोगों से मिलने उनका हालचाल जानने के लिए वार्डों में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को विधायक यादव वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर पहुंचे। जहां वार्डवासियों के साथ उन्होंने वार्ड के विभिन्न सड़क, गली मोहल्ले का निरीक्षण किया। इसी दौरान वार्डवासियों ने उन्हें वार्ड में स्थित पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट की समस्याएं बताई। विधायक श्री यादव उसी समय मार्केट का निरीक्षण किए। पूरे मार्केट का जायजा लेने के बाद विधायक यादव ने कहा कि अब इस मार्केट को स्मार्ट मार्केट बनाया जाएगा। यहां खरीदी करने के लिए आने वाले लोगों को अब कोई परेशानी ना हो। इसके लिए यहां बेहतर सुविधाएं डेवलप की जाएगी। पूरे मार्केट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। रंग बिरंगी लाइटों से मार्केट को सजाया जाएगा। जनता की सुरक्षा के लिए चारो तरह सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जाएंगे। ताकि यहां आने वाले लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें और चोरी जैसी



घटनाएं ना हो। इसके अलावा यहां की सभी सड़कों को चकाचक बनाया जाएगा। सड़कों निर्माण और संधारण करने के साथ ही यहां आने वाले ग्राहकों के लिए खास कर महिलाओं को वॉशरूम,टॉयलेट की समस्या न हो। इसके लिए यहां पर एक स्मार्ट टॉयलेट भी बनाया जाएगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूरे मार्केट का प्रोजेक्ट प्लान जल्द तैयार किया जाए।

### ज्योति कलश रूम का लोकार्पण

भेंट मुलाकात के दौरान विधायक यादव दुर्गापुर पहुंचे। जहां वे इससे पहले भी गए थे। जब वे गए थे, तब लोगों ने उन्हें एक ज्योति कलश बनाने की मांग की थी। मांग के अनुरूप विधायक यादव ने काम शुरू करवा दिया था। अब जब पहुंचे तो ज्योति कलश कक्ष बन कर तैयार हो गया है। जिसका आज लोकार्पण किया गया। वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ विधायक श्री यादव ने लोकार्पण किया। इसके लिए वार्डवासियों ने उनका दिल से आभार जताया और कहा कि आप ने जो वादा किया था, उसे समय पर पूरा भी कर दिया।

### रामहेपुर बस्ती में लगेगा वाटर एटीएम, बनेगा शेड और होगा मंच का जीर्णोद्धार

भेंट मुलाकात करते हुए विधायक यादव राजेपुर बस्ती पहुंचे। जहां लोगों ने वाटर एटीएम लगाने की मांग की। विधायक यादव ने जनता की मांग पर घोषणा की कि जल्द ही वार्ड में एक वाटर एटीएम लगाया जाएगा। साथ ही यहां मंच का जीर्णोद्धार किया जाएगा। शेड का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक यादव ने वार्ड के नागिरकों से मिलकर उनका हालचाल जाना और लोगों के साथ बैठकर चाय पीते हुए वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की।

## नवोदय प्री टेस्ट परीक्षा के लिए बालक, पालक व शिक्षकों में उत्साह देखने मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 28 अप्रैल। जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति सेलुद द्वारा ग्राम सेलुद के शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित 29 अप्रैल 2023 नवोदय परीक्षा पुर्व तैयारी व निशुल्क टेस्ट परीक्षा में दुर्ग भिलाई के नामी गिनामी स्कुल से लेकर जिले के चालीस से पचास किलोमीटर दुर दुर गाँव इसमें बटरेल, कुर्मीगुंडरा, भिलाई, चरोदा, उतई, गुजरा, बटंग, पाटन, बोहारडीह, परसाही फेकारी बटंग पचपेडी मोरिद पतोरा गोडपेंड्री गभरा, अरमरीखुर्द, हथखोज,खोला इत्यादि दूर-दूर के गांव से बच्चे अपने पालकों व शिक्षकों के साथ इस सीरीज में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे।पालक अपने बच्चे को परीक्षा दिलाने पहुंचे । समिति द्वारा सत्तर बच्चों का लक्ष्य रखा गया था लेकिन बच्चे लगभग दुगुने 140 की संख्या में पहुँचने से सुबह से ही प्रश्न पत्र व ओ एम आर शीट उपलब्ध कराने में मशक्कत करनी पड़ी ।इस कार्यशाला के प्रति बालक पालक व शिक्षकों में गजब का उत्साह देखने को मिला ।चूंकि दूर-दूर से बच्चे आते हैं इससे सभी बच्चों व पालकों के लिए निः शुल्क स्वल्पाहार की व्यवस्था भी समिति के द्वारा उपलब्ध कराई गयी है । सीरीज के द्वितीय दिन में बच्चों को मानसिक योग्यता, गणित, हिंदी के सवाल प्रायोगिक तरीके से समझाए गए तथा बच्चों को ज्यादा से ज्यादा सवाल कम समय में हल करने के गुर भी सिखाए गए 7 कार्यक्रम के दुसरे दिन पाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री टी आर जगदल्ले भी शासकीय प्राथमिक शाला सेलुद पहुंचे और चल रहे कार्यशाला में बच्चों से चर्चा किया । इस प्रशिक्षण व टेस्ट परीक्षा को सफल बनाने व बच्चों को कुशल तरीके से सिखाने हेतु पाटन से शिक्षक सुनील कुमार छेदैय्या, केसरा स्कुल से अनकेश्वर महिपाल, शासकीय प्राथमिक शाला सेलुद मिलिन्द चन्द्रा का विशेष योगदान रहा इस योगदान के लिए समिति द्वारा इन्हे गमछा व श्रीफल से सम्मानित भी किया गया ।

### श्रद्धांजलि सभा

**उतई, 28 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिला के अरनपुर मे नक्सलियों द्वारा किए गए ब्लास्ट में 11 जवानों की शहादत को नमन करते हुए कल 27 अप्रैल 202× को हिंदी भवन के सामने दुर्ग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।

जिसमें जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा की नक्सली द्वारा यह कायरता पूर्ण काम किया है सभी शहीदों के परिवार को राज्य शासन द्वारा 1करोड़ रूपये और सरकारी अ क्लास नौकरी देने की बात की संचालन जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया तथा पूरे भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में जनहित के मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

**कवर्धा,28 अप्रैल।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में राष्ट्रीय जल ग्रहण मिशन महिला एवं बाल विकास विभाग वन विभाग के कार्यो के साथ अनेक विषय पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट द्वारा की गई। जिसमे उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय जल ग्रहण मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि माइक्रो वाटरशेड प्रोजेक्ट विकासखंड बोड़ला के आठ क्षेत्रों में सचिव के पद पर नियुक्ति किया गया है। इसी तरह विकासखंड पंडरिया में गयारह स्थानों के लिए नियुक्ति दी गई है।

विभागीय जानकारी देते हुए बताया गया कि वाटर शेड प्रोजेक्ट बोड़ला में डीपीआर निर्माण एंट्री प्वाइंट एक्टिविटी क्षमता विकास प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्य आजीविका में कुल उपलब्ध राशि 1 करोड़ 73 लाख 59 हजारों रुपये में से 1 करोड़ 41 लाख 59 हजार रुपए व्यय किया गया है। इसमे 109 कार्य के विरुद्ध 83 पूर्ण 13 प्रगति 11 आप्रारंभ होना बताया गया। इसी तरह पंडरिया क्षेत्र के लिए अलग-अलग मद में 138 कार्य में से 135 पूर्ण होना बताया गया। आस्था मूलक कार्यों में शौचालय निर्माण रिटर्निंग वालों रंगमंच निर्माण पचरी निर्माण जैसे कार्य की जानकारी दिया गया। जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षारोपण कूप निर्माण फेंसिंग कार्य डबरी निर्माण के साथ बोड़ला एवं पंडरिया क्षेत्र में उत्पादन तंत्र मद के तहत कृषि यंत्र एवं उपकरण वितरण की ग्राम वार हितग्राही वार जानकारी सदन को दिया गया। जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने समूह को रिवाल्विंग फंड देने की जानकारी चाही गई जिस पर उप संचालक कृषि ने आजीविका गतिविधियों के तहत सुकर पालन साबुन निर्माण दोना पत्तल निर्माण बकरी पालन सब्जी व्यवसाय के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि समहू से 18 महीने का अनुबंध किया जाता है जिसके उपरांत समूह द्वारा राशि वापस किया जाता है। योजना में बोड़ला क्षेत्र में 10 समहू को कुल 2 लाख 80 हजार रुपए एवं पंडरिया के 28 समहू को 7 लाख 3 हजार रुपए प्रदाय किया गया है। सामान्य सभा की बैठक में



जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमेर बाई पुसाम, रामकुमार भट्ट, तुकाराम चंद्रवंशी, मुखीराम मरकाम, विजय शर्मा, श्रीमती मीना चंद्रवंशी, श्रीमती सरस्वती साहू लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के प्रतिनिधि संतोष पटेल, विधायक प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र पंडरिया एवं विधायक प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल वनमंडलाअधिकारी वन मंडल कवर्धा चूणामणि सिंह उपस्थित रहे।महिला बाल विकास विभाग के कार्यों पर जानकारी देते हुए समेकित बाल विकास योजना में पूरक पोषण आहार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में पात्रता एवं हितग्राहियों को मिलने वाला लाभ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गरम भोजन प्रदाय करने के विषय में सदन को बताएं गए। जिला महिला बाल विकास अधिकारी में सदन को जानकारी देते हुए बताया कि कबीरधाम जिले में छुटे पारे, टोलो को गर्म भोजन योजना के लाभ से जोड़ने विशेष पहल की गई है। इसके लिए 63 स्थानों का चयन कर 11 अप्रैल से योजना प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गरम भोजन में रोटी चावल, मिक्स दाल, सब्जी स्थानीय उपलब्ध पर गुड़, फल्ली दाना दिया जा रहा है। योजना अंतर्गत 1 से 3 वर्ष के कुपोषित बच्चे 3 से 6 वर्ष के बच्चे गर्भवती व सीवियर एनिमिक महिलाओं को गरम भोजन से कुल 1594 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एकीकृत बाल संरक्षण योजना जिला बाल संरक्षण समिति बालगृह बाल कल्याण समिति के संबंध में भी सदन को जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह के संबंध में चर्चा करते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 300 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है जोकि लक्ष्य का शत-प्रतिशत उपलब्धि है। इस योजना में प्रत्येक जोड़ों को 25000 के विभिन्न सामग्रियों से लाभान्वित कराने की जानकारी देते हुए महिला बाल विकास अधिकारी ने आगे बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार चालू वित्त वर्ष से अब प्रत्येक जोड़े को 50000 का प्रावधान किया गया है, जिस का संपूर्ण विवरण शासन से प्राप्त होगा। सखी वन स्टॉप सेंटर में 868 प्रकरणों में से 831 का निराकरण कर जिसमे 468 महिलाओं को आश्रय की सुविधा सम्मिलित होने की जानकारी दी गई। वन विभाग के कार्यों पर जानकारी देते हुए वनमंडलाअधिकारी वन मंडल कवर्धा ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जिले में संचालित हो रहा है। वर्ष 2021 में 19 समितियों द्वारा 93.16 और वर्ष 2022 में 19 समितियों द्वारा 102.35 प्रतिशत तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में विभिन्न वनोपज संग्रहण के बारे में सदन को जानकारी दी गई। कोदो, कुटकी, रागी, शहद, महुआ, फूल वन तुलसी, महुआ पत्ता आदि के विषय में जानकारी दिया गया तथा बताया गया कि वित्त वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 19 समितियों के माध्यम से वनोंपेज का संग्रहण किया गया। तेंदूपत्ता संग्रहण के संबंध में चर्चा करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्री विजय शर्मा एवं श्री रामकुमार भट्ट ने बोनस देने के विषय में जानकारी चाही गई जिस पर बताया गया कि जिले में हितग्राहियों को बोनस वितरण किया जा रहा है तथा 4000 प्रति मानक बोरा भुगतान किया जाता है। जिला पंचायत सदस्यों ने जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन फिटिंग के कार्य पर सुझाव दिया गया कि पाइप फिटिंग हो जाने के उपरांत गड्ढे की भराई कराया जाना आवश्यक है जिससे ग्रामीणों को समस्या ना हो। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सीईओ जिला पंचायत द्वारा कहा गया कि सदन में उठाए गए विषयों का यथाशिघ्र निराकरण करते हुए सदस्यों को जानकारी दे।जिला पंचायत के बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री दो महीने बाद आयेंगे भिलाई, जानकारी मिलते ही तैयारियां शुरू



**भिलाई, 28 अप्रैल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो महीने बाद जुलाई महीने में भिलाई आने के संकेत मिल रहे है। उनके भिलाई प्रवास के दौरान उनके हाथों भिलाई आईआईटी के नए भवन, कुम्हारी से भिलाई के बीच बन रहे चार में से तीन फ्लाईओवर, चरोदा में रेलवे के सोलर प्लांट का लोकार्पण और दुर्ग से रायगढ़ के बीच नई वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी के आगमन का संकेत मिलने के बाद सभी जगह के शेष बचे कार्य और तैयारी को अंतिम रूप देने में संबंधित अमला संजीदगी के साथ जुट गया है। भिलाई-दुर्ग को आने वाले दिनों में चार बड़ी सौगातें मिलने वाली है। इसमें पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिहाज से सबसे बड़ी सौगात भिलाई में बन रहे आईआईटी के भवन का लोकार्पण होना विशेष है। इसके अलावा फोरलेन सड़क पर कुम्हारी से भिलाई के बीच चार में तीन फ्लाईओवर सहित चरोदा में रेलवे का सोलर प्लांट का लोकार्पण और एक नई वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होना भी शामिल है। इन सभी सौगातों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता को समर्पित करेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री का आगामी जुलाई महीने में भिलाई आगमन हो सकता है। दिल्ली से इस आशय का संकेत मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं जिन कार्यों का लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों कराए जाने की तैयारी है। उसके शेष बचे कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराने पर जोर दिया जा रहा है। गौरतलब रहे कि भिलाई आईआईटी का विशाल भवन कुटेला भाठा में साढ़े चार सौ एकड़ भू भाग पर निर्माणाधीन है। यहां के बचे हुए कार्यो को 31 मई तक पूरा कर लिए जाने की डेडलाइन जारी की गई है। जबकि चरोदा में हनुमान मंदिर के पीछे रेलवे का 50 मेगावाट सोलर प्लांट तैयार हो चुका है। इस प्लांट से बनने वाली बिजली की ग्रिड में ट्रांसफर करने का ट्रायल शुरू हो चुका है। रेलवे में बचत की दृष्टि से यह बहुत बड़ी परियोजना है। रेलवे की इलेक्ट्रिक ट्रेनों को चलाने सहित अन्य उपयोग के लिए बिजली की आपूर्ति अभी राज्य की बिजली कंपनी करती है। बदले में रेलवे को बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। चरोदा का सोलर प्लांट बन जाने से रेलवे यहां से उत्पन्न बिजली का उपयोग अपने लिए करेगी। यहां पर यह बताना भी लाजमी होगा कि पिछले लोकसभा चुनाव से पूर्व रायपुर-दुर्ग फोरलेन सड़क पर चार फ्लाईओवर निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। उसमें से सुपेला में बना फ्लाईओवर निर्माण पूरा कर आवाजाही शुरू कर दी गई है। पावर हाउस और कुम्हारी का फ्लाईओवर निर्माण अंतिम चरण में है। इसे जून तक हर हाल में पूरा कर लिए जाने का निर्देश जिला प्रशासन ने दिया है। बुधवार को ही कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने कुम्हारी फ्लाईओवर का जायजा लेकर आर्च निर्माण में आई तकनीकी दिक्कत को शीघ्रता से सुधार करने का निर्देश निर्माण एजेंसी को दिया। प्रधानमंत्री चार में से तीन फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। इसी कड़ी में दुर्ग से रायगढ़ के बीच नई वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस ट्रेन को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## एक नजर

### शासकीय हाई स्कूल तुमड़ीबहार का परीक्षा परिणाम घोषित



**नगरी 28 अप्रैल।** आदिवासी विकास खंड नगरी के दूरस्थ वनांचल स्थित शासकीय हाई स्कूल तुमड़ीबहार का सत्र 2022-23 का स्थानीय परीक्षा परिणाम 27 अप्रैल 2023 को घोषित किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। सत्र 2022-23 में कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 68 फीसदी रहा। कक्षा में प्रथम कु.ललिता यादव पिता जीवन लाल , द्वितीय कु. तामेश्वरी भंडारी पिता कनक प्रसाद तथा कु. नर्मदा ध्रुव पिता मनोज कुमार ध्रुव तृतीय स्थान पर रहें। संस्था के प्रभारी प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अंकसूची प्रदान कर सम्मानित किए। शासकीय हाई स्कूल तुमड़ीबहार का परिणाम घोषित होने पर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत ठेंनही के सरपंच श्रीधन सोम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भानूराम नेताम, शाला विकास समिति के सदस्य दिनेश कुमार यादव, संस्था के व्याख्यातागण- राजेन्द्र चिंडा, नंदिनी सोम, महेश्वरी साहू, डिगेश्वरी साहू, सहायक ग्रेड 03 अमृत बारला, टिकेश्वर ध्रुव, भरत मडॉवी, पालकगणों एवं ग्रामवासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं प्रेषित किए । इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने कक्षा नवमीं में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं को अपने रुचि अनुसार विषय लेकर कक्षा दसवीं में अनिवार्य रूप से प्रवेश लेकर अपनी आगे की पढ़ाई को पूरा करने को प्रेरित किए।

### राजनीति के भंवर में फंसा पुराना बस स्टैंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा:शिव वर्मा

**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने पुराने बस स्टैंड की



दुर्दशा को लेकर निगम के महापौर एवं शासन की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पुराना बस स्टैंड के व्यापारी रहवासी तथा बाहर से आने जाने वाले लोग पुराने बस स्टैंड को देखकर खुश नहीं है। व्यापारी तथा रहवासी दिन भर धूल के गुब्बारे से परेशान हैं। तथा प्रशासन के रवैया से जनता परेशान है। विकास की बाट जोहते वहां की जनता नजर गड़ाए बैठे हुए हैं कि कब इस बस स्टैंड का कायाकल्पा होगा। जैसे तैसे गर्मी तो निकल जाता है परंतु बरसात में घुटनों भर पानी भरा रहता है तथा बस में चढ़ते-उतरने के लिए खाली जगह नहीं होने के कारण कई सवारी दुर्घटना का शिकार भी हो जाता है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि पुराने बस स्टैंड के व्यापारी तथा रहवासी लोगों को निगम प्रशासन द्वारा नए-नए सपना दिखाता है। निगम प्रशासनिक उदासीनता के कारण पुराने बस स्टैंड अतिक्रमण का चपेट में आ गया है। सिर्फ कार्य योजना ही बना रहा है काम कुछ नहीं अधिकारी भी इधर पलट के देखने को तैयार नहीं है। पुराने बस स्टैंड को लेकर वहां के नागरिक, व्यापारी तथा वार्ड के पार्षद बस स्टैंड की समस्या को लेकर लगातार निगम प्रशासन एवं महापौर से संपर्क कर रहे हैं। परंतु आज तक कोई नतीजा सामने नहीं आया है।

### साइंस कॉलेज मैदान में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

**रायपुर 28 अप्रैल।** 1 मई 2023 को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले आयोजन में राज्य भर से श्रमिकगण आएंगे. नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने अपर आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी को नगर पालिक निगम रायपुर की ओर से सफाई, पानी, लाईट, पार्किंग जैसे कार्यो के लिये नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र पाटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं 2 मई को आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायक, मितानिनों के महासम्मेलन हेतु अपर आयुक्त श्री अरविन्द शर्मा को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियन्ता श्री राजेश शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 3 मई को होने वाले होमगार्ड, कोटवार, पटेल सम्मेलन हेतु अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियन्ता श्री राजेश शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 1, 2, 3 मई 2023 के आयोजनों हेतु उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ए. के. हालदार को कार्यक्रम स्थल पर सफाई, दवाईयों का छिड़काव, चलित शौचालय की व्यवस्था, कार्यपालन अभियन्ता जल श्री बद्री चंद्राकर को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था, पानी के टैंकरों की व्यवस्था, आमानाका डिपो में पार्किंग हेतु स्थान उपलब्ध करवाने की व्यवस्था, कार्यपालन अभियन्ता विद्युत श्री कमलेश वर्मा को कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करवाने की व्यवस्था का प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति और श्रम से जुड़ा है बोरे-बासी

## तीज-त्योहारों और कला परंपराओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का खान-पान भी लोगों को लुभाता है

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ आने वाले लोगों के लिए बहुत से आकर्षणों में सबसे बड़ा आकर्षण है, यहां की संस्कृति। तीज-त्योहारों और कला परंपराओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का खान-पान भी लोगों को लुभाता है। लोगों को यहां व्यंजनों के स्वाद के साथ-साथ उनके नाम भी रोचक लगते हैं और आकर्षित करते हैं, मसलन-ठेठरी, चीला, फरा, खुर्मी आदि। इन्हीं में एक नाम बोरे-बासी का भी है। असल में बोरे और बासी दो तरह के व्यंजन हैं, लेकिन हैं एक ही। पके हुए चावल को पानी में डूबोकर यह व्यंजन तैयार किया जाता है। दही, अथान पापड़, चटनी, बिजौरी, भाजी जैसी चीजों के साथ इन्हें खाया जाता है। बोरे जब कुछ घंटा पुराना हो जाता है तो वही बासी कहलाता है। स्वाद के साथ-साथ ये व्यंजन पौष्टिक गुणों से भी भरपूर होते हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ की संस्कृति में बोरे-बासी



रची-बसी है। यह लोगों के खान-पान में इस कदर शामिल है कि यहां के लोकगायन ददरिया और नाटकों में भी बोरे बासी का विवरण मिलता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के सम्मान में राज्य में बोरे बासी तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यह कदम सामाजिक समरसता के साथ-साथ किसानों और श्रमवीरों का मान बढ़ाने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं, तीज-त्योहारों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ी पर्वो का मुख्यमंत्री निवास में आयोजन के साथ ही इन पर्वो का सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किए गए हैं। पारंपरिक खान-पान को बढ़ावा देने के लिए सभी जिले में गढ़ कलेवा प्रारंभ किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में तीज-त्यौहारों से लेकर लोगों के दैनिक जीवन में चावल का बहुतायत से उपयोग किया जाता है। बोरे-बासी यहां अमीर-गरीब सभी के घरों में इसे चाव से खाया जाता है। मेहमानों को भी इसे परोसा जाता है। आमतौर पर घरों में पके हुए अतिरिक्त चावल के सदुपयोग के लिए बोरे बासी तैयार की जाती है। इसके गुणकारी महत्व को देखते हुए इसे घरो घर खाने का प्रचलन है। ग्रामीण क्षेत्रों में यदि घर में कोई मेहमान या कोई व्यक्ति आ जाये तो वह भूखा न जाए। सुबह जब लोग काम पर जाए तो उसके लिए तात्कालिक तौर पर भोजन की व्यवस्था हो जाए इसी उद्देश्य से परिवार के निश्चित सदस्यों से अधिक खाना बनाने का रिवाज प्रचलित है। बोरे बासी जहां गर्मी के मौसम में ठंडकता प्रदान करता है, वहीं पेट विकार को दूर करने के साथ ही पाचन के लिए यह गुणकारी भोजन है। बोरे बासी को पौष्टिक आहार के अंतर्गत माना जाता है। गर्मी के मौसम में जब तापमान अधिक होता है तब बोरे बासी विशेष तौर पर खाई जाती है। यह लू से बचाने का काम करती है। बोरे-बासी में प्रचुर मात्रा में पानी होता है। उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों में यह शरीर में पानी की कमी को दूर करती है। छत्तीसगढ़ के बड़े होटलों के मेन्यू में भी बोरे बासी को शामिल किया गया है। अन्य राज्यों आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ के खान-पान की विशाल रेंज अब होटलों में मिल रही है। इसी प्रकार मिलेट से बने अनेक व्यंजन भी होटलों में उपलब्ध है। कोदो, कुटकी और रागी की खेती की परंपरा रही है। वनांचल क्षेत्रों में यह खाद्यान्न के रूप में लोकप्रिय है। पोषक तत्वों की प्रचुरता के कारण इसे सुपरफूड की संज्ञा दी गई है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोदो-कुटकी से बने उत्पाद का सेवन करने की सलाह भी विशेषज्ञ देते हैं।

# सरकार गन्ने की खेती को बढ़ावा दे रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 28 अप्रैल।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने अम्बागढ़ चौकी में प्रेस वार्ता की प्रेस वार्ता में कहा कि भूपेश सरकार किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है । गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि किसानों की आमदानी बढ़ सके । 29 अप्रैल को कृषक चौपाल के माध्यम से सरकार की कृषक हितैषी योजना को बताया जाएगा । धान की तुलना में गन्ने की खेती ज्यादा फायदेमंद है । गन्ने की खेती से आय बढ़ेगी और किसान समृद्ध होंगे । अभियान के बाद गन्ने की खेती को लेकर जागरूकता आयी है और किसान इस बार बड़ी संख्या में गन्ने की खेती करेंगे जिससे खेती का दायरा बढ़ेगा तो उत्पादन



ज्यादा होगा और फिर गुड़ की फैक्ट्री खोली जायेगी । उन्होंने कहा कि धान की खेती में मेहनत अधिक है एक बार गन्ने की फसल लगने से तीन से पांच साल तक उसकी कटाई की जा सकती है । सहकारी समितियों में कृषक चौपाल लगाई जायेगी जहां किसानों को गन्ना फसल उत्पादन के लिए प्रेरित करते हुए इसके लाभ बताए जायेंगे । गन्ना फसल उत्पादन के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध करायेगा । हर सोमवार को बैठक होगी जिसमें समीक्षा की जायेगी । किसानों को बोर तथा फेसिंग के लिए पहले दस प्रतिशत दर से ऋण दिया जाता था जिसे अब नौ प्रतिशत कर दिया गया है । साथ ही फसल उत्पादन के लिए किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा । नवाज खान ने कहा कि गन्ना फसल उत्पादन के लिए सोसायटियों के माध्यम से पंजीयन शुरू कर दिया गया है । सोसायटियों से ही किसानों को गन्ने की गठान बीज प्रदाय किया जायेगा ।

### बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फ़सलों को नुकसान, क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग

**मोहला 28 अप्रैल।** बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की रबी फसल को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा



के जिलाध्यक्ष नरसिंह भंडारी ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होने बताया कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की रबी फसल को भारी नुकसान हुआ हैं । कई गांवो में तो किट प्रकोप इतना बढ़ गया है कि पूरी फसल खराब हो चुकी है । फसलों से कुल लागत निकलना भी असम्भव है। उन्होने 25 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से अविलंब क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने की मांग की।उन्होंने बताया कि जिले में हुई रबी फ़सलों की क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रवींद्र चौबे से मिलकर ज्ञापन और आवेदन के माध्यम से किसानों की पीड़ा से अवगत कराएंगे। ज्ञापन सौपने के दौरान वरिष्ठ किसान नेता मंडल अध्यक्ष( मोहला ) किसान मोर्चा गैदलाल धोसरे , मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मानपुर उत्तम घावड़े,मनोज नेताम,लखन कलामे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवप्रसाद नेताम,जिला महामंत्री नम्रता सिंह,किसान मोर्चा महामंत्री द्वय शेखर मानिकपुरी,कनक राम राणा,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मोनूवर्मा, गोपाल उसारे,राजु डोंगरे,प्रकाश मिश्रा,सुंदर डोंगरे,सौरभ यादव,डेविड नन्दा,अनुराग कन्नौजे,देवेन्द्र शाह अतरामे, कोमल राजपूत,अश्वनी मन्डावी, रमेश हिड़ामे उपस्थित थे ।

# दिव्यांग बच्चों से मिलती है कठिन परिस्थितियों में भी जीने की प्रेरणा:सीएम

**रायपुर 28 अप्रैल।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर एक, बजाज कालोनी, न्यू राजेंद्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शाला प्रवेश उत्सव पर स्कूल बैग व पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। नए शिक्षा सत्र पर प्रदेश का यह पहला शाला प्रवेशोत्सव था। कटोरा तालाब में बुधवार को कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक स्वर्गीय लक्ष्मण सतपथी की प्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने जैसे ही मंच के बाजू में बैठे मूक-बधिर बच्चों को देखा वैसे ही वे महापौर एजाज ढेबर व सभापति तथा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे के साथ उनके पास पहुंचे तथा उन्हें लाड़ करते हुए सबसे हाथ मिलाया। मुख्यमंत्री ने जांजगीर-चांपा में बोरवेल से छ दिनों फंसे रहने के बाद सुरक्षित निकाले गए राहुल साहू से इशारों में बात कर उसका हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री को अपने करीब पाकर दिव्यांग बच्चे अति-उत्साहित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बच्चों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने



पर बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों से हमें कठीन परिस्थितियों में भी जीने की प्रेरणा मिलती है। ये भले ही सुन व बोल नहीं सकते किंतु इनके तेज दिमाग से देश व प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया तथा सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। कार्यक्रम में मौजूद महापौर एजाज ढेबर ने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें देवदूत बताया। नगर निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि इन बच्चों की सेवा से आत्मा को आनंद की असीम अनुभूति होती है। दिव्यांग बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत करने से तनाव तो दूर होता ही है, शांति भी मिलती है। इन बच्चों की प्रतिभा को इस स्कूल में तराशा जा रहा है। उन्हें विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एजाज ढेबर व प्रमोद दुबे का आभार जताया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर डॉ. राकेश पाण्डेय, मृत्युंजय शुक्ला सहित प्राचार्य कमलेश शुक्ला, विशाल, सीमा छाबड़ा, दिनेश शुक्ला, शाहना आदि मौजूद थे।

# शहर में छाया ओ गोरी का जादू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** राजनांदगाँव नगरी संस्कारधानी होने के साथ कलाकारों की नगरी है। संस्कृति व कला के क्षेत्र में नगर के कई कलाकारों ने अद्भुत प्रदर्शन किया है व आगे भी करते रहेंगे। इन कलाकारों ने अपनी कला के जरिये अपने शहर के नाम को गौरवान्वित किया है। इसी कड़ी में शहर के युवा प्रतिभावान कलाकार प्रवीण राजन एक सशक्त अभिनेता, गायक एवं गीतकार के रूप में प्रतिस्थापित हुए हैं।

ये हमारे शहर के लिए गौरव की बात है, की शहर के युवा कलाकार प्रवीण राजन का गीत ज़ी म्युजिक कंपनी के द्वारा रिलीज हुअ।

उनके द्वारा गाया छत्तीसगढ़ी गीत ÷ओ गोरी ÷ का वीडियो ज़ी म्युजिक कंपनी द्वारा यूट्यूब में 27अप्रैल को रिलीज हुआ। इस गीत को काफी पसंद किया जा रहा हैं, व शहर म इस गीत की धूम मची हई हैं।

गायकी व सुरों से सजाकर प्रवीण राजन और रूचि कटकवार




ने अपनी आवाज़ दि है। इसमें मुख्य नायक के रूप में प्रवीण राजन व नायिका के रूप में काजल घरडे हैं। इसके संगीत संयोजक के रूप तामेश्वर वर्मा ने भी योगदान दिया।इस गीत के निर्देशक और निर्माता डाज़ गोविंद नामदेव है। इसके कोरियोग्राफर प्रवीण, काजल ,पोस्टर डिजाइनिंग विशाल, संपादन,पटकथा तथा कैमरे संभालने की जिम्मेदारी अभिजीत भारती व, कैमरे असिसटेंट बलवीर ने निभाई है। इस गीत के वीडियो मे संस्कारधानी के कलाकारों मे युवा पत्रकार मनोज देवांगन,करण एवं दिनेश का भी अमूल्य योगदान रहा है। आज की युवा पीढ़ी की रुचि को ध्यान में रखते हुए इस गीत का चित्रांकन हुआ है तथा प्रवीण राजन व रूचि कटकवार ने इसे अपनी दिलकश आवाज़ से इस गीत में जान डाल दी है। आडियो द्वश्च3 गीत को जीओ सावन, स्पॉटीफाई, हंगामा म्युजिक, यूट्यूब म्युजिक, एपल म्युजिक, विंक, गाना, आई ट्यूंस, अमेज़ान म्युजिक रेसो, व अन्य म्युजिक एप मे भी सुन सकते हैं।

शहर की महापौर हेमा देशमुख जी और नगर के गणमानय पत्रकारो जितेंदर मिश्रा, सचिन अगरहरी, व जितेंदर साहु ने भी गीत को काफी सराहा और ओ गोरी की पूरी टीम को बधाई दी।

## एनएसयूआई ने अरनपुर के शहीदों को अमलीडीह चौक पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर 28 अप्रैल।** एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में दंतेवाड़ा ज़िले के अरनपुर में नक्सली हमले में शहीद 11 जवानों को गुरुवार को मोमबत्ती जलाकर रायपुर के अमलीडीह चौक पर श्रद्धांजलि दी। विशाल कुकरेजा ने बताया की एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों की आत्मा की शांति के उन्होंने प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने में थाना न्यू राजेंद्र नगर की थाना प्रभारी सुश्री योगिता खापर्डे भी शामिल हुई, समाजसेवी अमर चंदनानी,राकेश माटा,तिशीर साल्वे,वरुण हबलानी,रौनक़ टूटेजा,सुमित बीसेंन,यश नागवानी,चिराग़ जयसिंघानी,हितेश खिलवानी,विकास एक्का,नीरज तलरेजा,दीपेश हरचंदानी,मयंक चंदनानी आदि उपस्थित थे।





### सनातन वैदिक सिद्धान्तों पर आधारित शासन से भारत पुनः सोने की चिड़िया एवं विश्वगुरु बन सकेगा:साईं मसन्द

**रायपुर 28 अप्रैल।** स्थानीय पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित श्रीसतगुरु जीवतपुरी गोस्वामी श्रीदुर्गा मंदिर (मढ़ी) में प्रति माह के अंतिम



मंगलवार को आयोजित होने वाले रात्रिकालीन भजन कीर्तन के साओ मंगल कार्यक्रम के अवसर पर गत् दिवस 25 अप्रैल को भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाराज की 2530वीं जयंति मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीदुर्गा मंदिर (मढ़ी) के महंत, अखिल भारतीय सिन्धी संत समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीसतगुरु अनन्तपुरी गोस्वामी ने की। कार्यक्रम में भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाराज जी की जीवनी व कार्यो पर प्रकाश डालने हेतु सिन्धी समुदाय के विख्यात देशभक्त सन्त, मसन्द सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश साई जलकुमार मसन्द साहिब विशेष आमंत्रित रहे। उल्लेखनीय है कि वे 11 वर्षो से देश के वर्तमान शंकराचार्यो एवं अन्य महान सन्तों के सहयोग से प्रजातांत्रिक प्रणाली के अन्तर्गत ही देश में पुनः सनातन वैदिक सिद्धान्तों पर आधारित शासन की स्थापना के माध्यम से भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं। साई मसन्द साहिब ने बताया कि आदिशंकराचार्य महाराज का जन्म 2530 वर्ष पूर्व वैशाख शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि पर दक्षिण भारत के केरल राज्य के कालड़ी नामक ग्राम में पूर्णा नदी के तट पर पिता शिवगुरु व माता आर्यम्बा के नम्बूदरी ब्राह्मण वंश में हुआ था। वे भगवान शंकर कें अवतार माने जाते हैं। उन्होंने मात्र 8 वर्ष की आयु में समस्त वैदिक शास्त्रों का ज्ञान अर्जित कर लिया था और 9 वर्ष की अल्पायु में ही सन्यास धारण किया था। उनकी आयु मात्र 32 वर्ष रही। बताया जाता है कि उनके समय भारत के लोग बौद्ध, जैन आदि करीब 70 मतों में बंटे हुए थे। उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण कर शास्त्रार्थ के द्वारा सबको सनातन वैदिक धर्म से सहमत कराने में सफलता प्राप्त की। इससे तत्कालीन सभी राजाओं व प्रजा ने सनातन धर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने वैदिक धर्म की सुचारु व्यवस्था हेतु क्रमशः उत्तर में श्रीज्योतिर्मठ, पश्चिम में श्रीद्वारका शारदा मठ, दक्षिण में श्रंगेरीमठ और पूरब में श्रीगोवर्धनमठ कुल 4 मठ स्थापित किए।

# सुधर्म धार्मिक शिक्षण शिविर आज से महावीर भवन नयापारा में

**रायपुर 28 अप्रैल।** श्री सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ के तत्वावधान में सुधर्म परिवार रायपुर व्दारा धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन आज से 7 मई तक श्री महावीर भवन, नयापारा में किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष पन्नालाल श्रीश्रीमाल, सचिव उत्तम गोलछा, नवयुवक मंडल के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष सतीश टाटिया, सचिव प्रवीण मालू, महिला मंडल अध्यक्षा प्रभा मालू एवं सचिव मृदुला गोलछा ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं सभी से निवेदन किया है कि शिविर का अधिकाधिक लाभ लेकर अपने जीवन मेंसद्?गुणों एवं संस्कारों का विकास करें।

इस शिविर में न्यूनतम 5 वर्ष के बच्चों से लेकर





100 वर्ष तक के पुरूष-महिला भाग ले सकते है।

शिविर में अध्यापन हेतु बाहर व शहर के सहयोगी अपनी सेवाएं देंगे। उत जानकारी देते हुए शिविर के लाभार्थी अजय गोलछा ने बताया कि शिविर का समय नवयुवकों हेतु प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक, बच्चों की लास प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक एवं महिलाओं की लास दोपहर 2.00 बजे से 4 बजे तक रहेगी। विगत 40 वर्षो से निरंतर जारी श्री सुधर्म परिवार-रायपुर व्दारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन पूज्य पिताश्री स्व. श्री जसराजजी एवं मातुश्री स्व. श्रीमति प्रेमबाई गोलछा की स्मृति में अजय वैभव कुमार गोलछा व परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है।

### नोडल अधिकारी पांडे ने बच्चों को किया प्रशिक्षित

**राजनंदगांव 28 अप्रैल ।** आज मनुष्य जिस युग में जीवन बिता रहा है उसमें आने वाला समय रोजगार के दृष्टिकोण से बहुत ही ज्यादा प्रतियोगी



युग होगा । इसे ध्यान में रखते हुए नीति आयोग ने रोजगार पाने नहीं रोजगार देने वाले युवकों को तैयार करने की नीति तैयार की है । ऐसे ही महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के लिए आज न्यायधानी बिलासपुर से नीति आयोग के नोडल अधिकारी धनंजय पांडे एवं उनके सहयोगी श्री देवांगन ने वेसलियन स्कूल में विभिन्न स्कूलों के बच्चों को प्रशिक्षण दिया। सुबह 11ः00 बजे शुरू हुए प्रशिक्षण कार्यशाला में वेसलियन स्कूल के प्राचार्य संजय गार्डिया ने प्रशिक्षण देने वाले अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर परिचय दिया । अपने प्रारंभिक प्रशिक्षण के दौर में श्री पांडे ने बच्चों को कोडिंग के विषय में शानदार जानकारी प्रदान की । उन्होंने बच्चों को बताया कि क्या ? क्यों ? और कैसे हमारे व्यक्तिगत जीवन में काफी महत्व रखने वाले शब्द हैं । श्री पांडे एवं श्री देवांगन ने लंच से पहले के सेशन में बच्चों को अपने साथ जोड़ते हुए रोजगार परक बहुत सी जानकारियां उन तक पहुंचाई । बच्चों के द्वारा कार्यशाला में किस तरह की गंभीरता का परिचय दिया जा रहा है इसे परखने बीच -बीच में बच्चों से प्रश्न भी किए गए । प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचे धनंजय पांडे एवं मुरली देवांगन ने बच्चों को बताया कि आज का युग उत्पादन का युग है । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पढ़ने- लिखने के बाद आपको रोजगार की ओर सिर उठाकर नहीं देखना है, वरन प्रोडक्ट तैयार करने वाले बड़े व्यापारी बनकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है । बच्चों को ए टी एल के माध्यम से अत्याधुनिक युग से जुड़ने की बात और मशीनी कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में नीति आयोग से प्रतीक देशमुख ,मुंबई से एम ओ सी विवेक खंडेलवाल तथा इंडियन एयर फोर्स के ग्रुप कैप्टन वाय श्रीनिवास भी ऑन लाइन जुड़े । बच्चों को यह भी बताया गया कि आज के युग में कोडिंग और प्रोग्रामिंग यदि नहीं सीख पाए तो आने वाले समय में निरक्षर की श्रेणी में खड़ा होना पड़ेगा । लगभग 6 से 8 स्कूलों के 50 से 60 बच्चों ने कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए इसे अपने जीवन का सुखद क्षण बताया ।

# भूपेश सरकार किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध:नवाज खान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 28 अप्रैल।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने छुरिया में प्रेस वार्ता में कहा कि भूपेश सरकार किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है । गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि किसानों की आमदानी बढ़ सके । 29 अप्रैल को कृषक चौपाल के माध्यम से सरकार की कृषक हितैषी योजना को बताया जाएगा । धान की तुलना में गन्ने की खेती ज्यादा फायदेमंद है। गन्ने की खेती से आय बढ़ेगी और किसान समृद्ध होंगे। अभियान के बाद गन्ने की खेती को लेकर जागरूकता आयी है और किसान इस बार बड़ी संख्या में गन्ने की खेती करेंगे जिससे खेती का दायरा बढ़ेगा तो




उत्पादन ज्यादा होगा और फिर गुड़ की फैक्ट्री खोली जायेगी । उन्होंने कहा कि धान की खेती में मेहनत अधिक है एक बार गन्ने की फसल लगने से तीन से पांच साल तक उसकी कटाई की जा सकती है । सहकारी समितियों में कृषक चौपाल लगाई जायेगी जहां किसानों को गन्ना फसल उत्पादन के लिए प्रेरित करते हुए इसके लाभ बताए जायेंगे । गन्ना फसल उत्पादन के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध करायेगा । हर सोमवार को बैठक होगी जिसमें समीक्षा की जायेगी। किसानों को बोर तथा फेसिंग के लिए पहले दस प्रतिशत दर से ऋदिया जाता था जिसे अब नौ प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही फसल उत्पादन के लिए किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा । नवाज खान ने कहा कि गन्ना फसल उत्पादन के लिए सोसायटियों के माध्यम से पंजीयन शुरू कर दिया गया है। सोसायटियों से ही किसानों को गन्ने की गठान बीज प्रदाय किया जायेगा । प्रेस वार्ता में उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू, हेमन्त यादव पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, त्रिलोचन साहू, मनोज सिन्हा, पार्षद सुनील लारोकर उपस्थित थे = जब उन्हे पूछा गया छूरिया नगर पंचायत अध्यक्ष के ऊपर जो अविश्वास प्रस्ताव पार्षदों द्वारा लाए जाने की जो चर्चा है उसके बारे में उन्होंने कहा यह जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का दायित्व बनता है कि इस मामले को बैठकर सुलझाएं आखिर पार्षद नाराज क्यों हुए अचानक ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई यह कहा उन्होंने अब देखना यहां है स्थानीय संगठन की आगे इस मामले पर क्या रुख होता है।

**संपादकीय**

## बार-बार वही गलती करते हैं कांग्रेस नेता

देश का हर राजनीतिक दल चुनाव इसलिए लड़ता है कि वह चुनाव जीतकर राज्य में अपनी सरकार बनाना चाहता है। राज्य की जनता की सेवा करना चाहता है। राज्य की राजनीति में सबसे बड़ा दल बनना चाहता है। इसलिए राजनीतिक दल ऐसी गलती नहीं करते हैं जिससे चुनाव हारने की आशंका पैदा हो। देश के राजनीतिक दलों में कांग्रेस भी हर चुनाव इसलिए लड़ती है कि वह राज्य में सरकार बनाकर जनता की सेवा करे तथा अपनी पार्टी को मजबूत कर सके। कोई भी दल किसी राज्य में तब ही मजबूत होता है जब वह सत्ता में आता है और जनता का विश्वास जीतने में सफल होता है। किसी भी राज्य में कांग्रेस चुनाव इसलिए हार जाती है कि उसके नेता काम ही ऐसा करते हैं जिसे जनता पसंद नहं करती है। दस साल हो गए कांग्रेस को भाजपा के खिलाफ विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़ते हुए। वह ज्यादातर चुनाव भाजपा से इसलिए हार जाती है क्योंकि उसके नेता हर चुनाव में वही बड़ी गलती है जो उन्हें नहीं करनी चाहिए। पीएम मोदी की व्यक्तिगत आलोचना। कांग्रेस के सभी नेताओं को मालूम है कि वह पीएम मोदी के खिलाफ कुछ भी अपमानजनक कहेंगे भाजपा उसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस चाहे वह विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव जीतते जीतते हार जाती है। एक दो नहीं कई चुनाव कांग्रेस पीएम मोदी का व्यक्तिगत आलोचना करने के कारण हार चुकी है। एक दो बार गलती हो गई समझ में आता है, कांग्रेस नेता बार बार वही गलती करते हैं तो सवाल उठता है कि वह बार बार वही गलती क्यों करते हैं। कई बार तो कांग्रेस नेता गलती करके माफी भी नहीं मांगते हैं कि उनसे गलती हो गई है। ताजा उदाहरण गुजरात विधानसभा चुनाव का है। गुजरात सरकार के खिलाफ 27 साल की एंटी इनकमबंसी थी। कांग्रेस चुनाव जीत सकती थी, उसने मेहनत भी खूब की। लेकिन कांग्रेस के एक नेता मधुसूदन मिस्त्री ने कह दिया इस चुनाव में हम पीएम मोदी को उनकी औकात बता देंगे। यहां भी कांग्रेस नेता नहीं रुके। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कह दिया कि पीएम मोदी के रावण की तरह सौ सिर हैं। भाजपा व पीएम मोदी ने इसे गुजरात की अस्मिता से जोड़ दिया और गुजरात चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार हुई।भाजपा जो चुनाव हार सकती थी, उसे ऐतिहासिक जीत मिली। गुजरात चुनाव तो कांग्रेस के लिए बड़ा सपक लेने वाला चुनाव था। लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे ने इससे कोई सबक नहीं लिया और कर्नाटक जहां कांग्रेस भाजपा से बेहतर स्थिति में मानी जा रही थी कि उसे पीएम मोदी को जहरीला सांप जैसा कहकर भाजपा को बैठे बिठाए एक बड़ा मुद्दा दे दिया। भाजपा ने इसे कर्नाटक में बड़ा मुद्दा बना दिया तो पहले तो कांग्रेस अध्यक्ष ने सफाई दी कि उन्होंने पीएम मोदी को नहीं भाजपा व आरएसएस की विचारधारा के बारे में ऐसा कहा है। आज का जमाना वीडियों का है, नेता जैसे ही कुछ कहता है, उसका वीडियो बन जाता है तथा वायरल हो जाता है। इसलिए, नेता यह नहीं कह सकता कि उसने ऐसा नहीं कहा है। श्री खरगे ने अपने भाषण में पीएम मोदी का नाम लेकर कहा है। उन्होने अपने भाषण में भाजपा व आरएसएस का नाम नहीं लिया है। गलती करने के बाद एम खरगे को एहसास हुआ कि उनके गलती हो गई है तथा इससे चुनाव में राजनीतिक नुकसान हो सकता है तो उन्होंने इसके लिए माफी मांगी है। एम खरगे के माफी मांगने से ही साफ है कि उनसे गलती हुई है। वह कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को नुकसान न हो इसके लिए माफी मांगी है। एम खरगे को जो गलती नहीं करनी थी, वह गलती उन्होंने कर दी है। अब आने वाले दिनों में भाजपा व पीएम मोदी इस गलती का फायदा तो जरूर उठाएंगे। विरोधी का गलती का फायदा कौन नहीं उठाना चाहेगा जब चुनाव जीतना प्रतिष्ठा का प्रश्न हो। अब अगर कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारती है तो इसका एक कारण श्री खरगे के बयान को भी माना जाएगा।

## इस गर्मी कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम की बजाय इन हेल्दी ऑप्शन से रखें खुद को कूल-कूल

कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम का कभी-कभी सेवन करना बुरा नहीं है। लेकिन अगर आप इनका हर दिन सेवन कर रहे हैं तो ये परेशानी का सबब बन सकती है। आज हम आपको इन दोनों चीजों के हेल्दी विकल्पों के बारे में बताते हैं, जो आपको गर्मी से राहत दिलाने के साथ-साथ सेहतमंद भी रखेंगे।

**गन्ने के जूस-** गर्मियों के मौसम में गन्ने के जूस का सबसे ज्यादा सेवन किया जाता है। यह सस्ता, हल्का, स्वादिष्ट और सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। गन्ने में मौजूद प्राकर्तिक मिठास शरीर में ऊर्जा को बनाए रखती है। गन्ने के जूस के स्वाद को बढ़ाने के लिए इसमें पुदीने और नींबू का रास मिलाया जाता है, जो इसके गुणों को भी डबल कर देते हैं। पुदीना शरीर को ठंडा रखने में और नींबू डाइजेशन बेहतर बनाने में मदद करता है।

**छाछ-** गर्मियों में खाने के साथ छाछ का सेवन भारत के लगभग हर घर में किया जाता है। यह एक बड़ी ही फायदेमंद ड्रिंक है, जिसका सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। छाछ गर्मियों के तपिश भरे दिनों में शरीर को तरोताजा बनाए रखने में मदद करती है। इसके अलावा यह शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखने में फायदेमंद होती है। कोलेस्टेरोल कंट्रोल करना, पेट में जलन और एसिडिटी को ठीक करना, हड्डियों और दाँतों को मजबूत बनाना छाछ के स्वास्थ्य लाभों में शामिल है।

**सत्तू का शरबत-** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने की प्रेरणा बिहार के लोगों से ली जा सकती है। उनकी सबसे मशहूर समर ड्रिंक सत्तू का शरबत भीषण गर्मी में आपके शरीर के तापमान को मिनटों में कम कर देगा। अच्छी बात यह है कि इसे सिर्फ तीन चीजों सत्तू के आटे, पानी और चीनी की मदद से आसानी से घर पर बनाया जा सकता है।

**जलजीरा-** भारतीय खानों के स्वाद को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला जीरा यकीनन काफी फायदे की चीज है। यह गर्मियों में आपके शरीर को ठंडा और सेहत को दुरुस्त रखता है। इसका इस्तेमाल भोजन बनाने में किया जा सकता है। इसके साथ इसके पाउडर से एक बढ़िया कर फायदे से भरपूर समर ड्रिंक भी बनाई जा सकती है। जीरे से बनने वाली ड्रिंक, जिसे जलजीरा भी कहा जाता है, भारतीय घरों में काफी मशहूर है। बनाने में आसान और स्वाद में भरपूर ये ड्रिंक गर्मियों में आपकी सेहत का बराबर ध्यान रखेगी।

# पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के खेत-खलिहान से लेकर राजधानी के कचरा महोत्सव को सराहा

**विशेष लेख**

**अशोक बजाज**



मन की बात हो और छत्तीसगढ़ का जिक्र ना हो यह कैसे हो सकता है. आकाशवाणी से मन की बात के अब तक 99 एपिसोड प्रसारित हो चुके है तथा शतकीय एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रेल को होगा जिसका सभी देशवासी बेसब्री से इंतजार कर रहें है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन प्रायः देश, समाज व व्यक्ति के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर होता है. उनकी चर्चा का विषय बड़ा व्यापक आता है. शायद ही कोई विषय ऐसा हो जो उनसे अछूता हो. अपने संवाद में वे सभी वर्गों व क्षेत्रों को समेट लेते हैं. मजे की बात तो यह है कि मन की बात में जिस व्यक्ति, क्षेत्र या विषय की चर्चा होती है वह तुरंत दुनिया भर में ट्रेंड हो जाता है. मन की बात में छत्तीसगढ़ का अनेकों बार उल्लेख हुआ है. श्री मोदी ने 26 जुलाई 2015 को 10 वे एपिसोड में राजनांदगाव जिले के केसला गांव का उल्लेख किया तो पूरे छत्तीसगढ़ वासियों का सीना चौड़ा हो गया. हर जगह केसला गांव के लोगों की सोच और समझदारी की चर्चा होने लगी. उन्होनें कहा था - ÷अभी एक समाचार मेरे कान पे आये थे, कभी-कभी ये छोटी-छोटी चीज़ें बहुत मेरे मन को आनंद देती हैं। इसलिए मैं आपसे शेयर कर रहा हूँ। छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव में केसला करके एक छोटा सा गाँव है। उस गाँव के लोगों ने पिछले कुछ महीनों से कोशिश करके टायलेट बनाने का अभियान चलाया और अब उस गाँव में किसी भी व्यक्ति को खुले में शौच नहीं जाना पड़ता है। ये तो उन्होंने किया लेकिन जब पूरा काम पूरा हुआ तो पूरे गाँव ने जैसे कोई बहुत बड़ा उत्सव मनाया जाता है वैसा उत्सव मनाया। गाँव ने ये सिद्धि प्राप्त की। केसला गाँव समस्त ने मिल कर के एक बहुत बड़ा आनंदोत्सव मनाया। समाज जीवन में मूल्य कैसे बदल रहे हैं, जन-मन कैसे बदल रहा है और देश का नागरिक देश को कैसे आगे ले जा रहा है इसके ये उत्तम उदाहरण मेरे सामने आ रहे हैं।÷ इसी प्रकार उन्होंने 27 दिसंबर 2015 को 15 वी कड़ी में स्वामी विवेकानंद जी की जन्म-जयंती पर रायपुर में प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के संबंध में कहा था - प्यारे नौजवान साथियो, 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जन्म-जयंती है। मेरे जैसे इस देश के कोटि-कोटि लोग हैं जिनको स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा मिलती रही है। 1995 से 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती को एक राष्ट्रीय युवा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष ये 12 जनवरी से 16 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में होने वाला है और मुझे जानकारी मिली कि इस बार की उनकी जो थीम है, क्योंकि उनका ये इवेंट थीम बेस्ड होता है, थीम बहुत बढ़िया है 'इण्डिया यूथ ऑन डेवलपमेंट स्किल एन्ड हार्मोनी'. मुझे बताया गया कि सभी राज्यों से, हिंदुस्तान के कोने-कोने से 10 हज़ार से ज़्यादा युवा इकट्ठे होने वाले हैं। एक लघु भारत का दृश्य वहाँ पैदा होने वाला है। युवा भारत का दृश्य पैदा होने वाला है। एक प्रकार से सपनों की बाढ़ नज़र आने वाली है।

संकल्प का एहसास होने वाला है। इस यूथ फेस्टिवल के संबंध में क्या आप मुझे अपने सुझाव दे सकते हैं ? मैं ख़ास कर के युवा दोस्तों से आग्रह करता हूँ कि मेरी जो 'नरेंद्र मोदी एप' है उस पर आप डायरेक्टली मुझे अपने विचार भेजिए। मैं आपके मन को जानना-समझना चाहता हूँ और जो ये नेशनल यूथ फेस्टिवल में रिफ्लेक्ट हो, मैं सरकार में उसके लिए उचित सुझाव भी दूँगा, सूचनाएँ भी दूँगा। तो मैं इंतज़ार करूँगा दोस्तो, 'नरेंद्र मोदी एप' पर यूथ फेस्टिवल के संबंध में आपके विचार जानने के लिए। श्री मोदी ने 28 अगस्त 2016 को 23 वे एपिसोड में कबीरधाम जिले के स्कूली बच्चों से जुड़े एक प्रसंग का जिक्र बड़े ही आदर व सम्मान के साथ किया। अचरज भी हुआ क्योंकि जिस प्रसंग की जानकारी अच्छों अच्छों को नहीं थी लेकिन प्रधानमंत्री की पैनी निगाह ने खोज कर ली. यही तो चमत्कार है. उन्होंने कहा था- मेरे प्यारे देशवासियों, कुछ बातें मुझे कभी-कभी बहुत छू जाती हैं और जिनको इसकी कल्पना आती हो, उन लोगों के प्रति मेरे मन में एक विशेष आदर भी होता है। 15 जुलाई को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िले में करीब सत्रह-सौ से ज्यादा स्कूलों के सवा-लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से अपने-अपने माता-पिता को चिट्ठी लिखी। किसी ने अंग्रेज़ी में लिख दिया, किसी ने हिंदी में लिखा, किसी ने छत्तीसगढ़ी में लिखा, उन्होंने अपने माँ-बाप से चिट्ठी लिख कर के कहा कि हमारे घर में टायलेट होना चाहिए। टायलेट बनाने की उन्होंने माँग की, कुछ बालकों ने तो ये भी लिख दिया कि इस साल मेरा जन्मदिन नहीं मनाओगे तो चलेगा, लेकिन टायलेट ज़रूर बनाओ। सात से सत्रह साल की उम्र के इन बच्चों ने इस काम को किया और इसका इतना प्रभाव हुआ, इतना इमोशनल इंपैक्ट हुआ कि चिट्ठी पाने के बाद जब दूसरे दिन स्कूल आया, तो माँ-बाप ने उसको एक चिट्ठी पकड़ा दी टीचर को देने के लिये और उसमें माँ-बाप ने वादा किया था कि फ़लानी तारीख तक वह टायलेट बनवा देंगे। जिसको ये कल्पना आई उनको भी अभिनन्दन, जिन्होंने ये प्रयास किया उन विद्यार्थियों को भी अभिनन्दन और उन माता-पिता को विशेष अभिनन्दन कि जिन्होंने अपने बच्चे की चिट्ठी को गंभीर ले करके टायलेट बनाने का काम करने का निर्णय कर लिया। यही तो है, जो हमें प्रेरणा देता है। रायपुर नगर निगम के कचरा महोत्सव के श्री मोदी भी मुरीद हुए थे, उन्होंने 41 वे एपिसोड में दिनांक 25 फरवरी 2018 को इसे स्वच्छता के लिए अनूठा प्रयास निरूपित करते हुए कहा था - मेरे प्यारे देशवासियो, आज तक हम म्यूजिक फेस्टिवल, फ़ूड फेस्टिवल फिल्म फेस्टिवल न जाने कितने-कितने प्रकार के फेस्टिवल के बारे में सुनते आए हैं । लेकिन छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक अनूठा प्रयास करते हुए राज्य का पहला 'कचरा महोत्सव' आयोजित किया गया। रायपुर नगर निगम द्वारा आयोजित इस महोत्सव के पीछे जो उद्देश्य था वह था स्वच्छता को लेकर जागरूकता। शहर के वेस्ट का क्रिएटिवेली यूज करना और गार्बेज को रि-यूज करने के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना। इस महोत्सव के दौरान तरह-तरह की एक्टिविटी हुई जिसमें छात्रों से लेकर बड़ों तक, हर कोई शामिल हुआ। कचरे का उपयोग करके अलग-अलग तरह की कलाकृतियाँ बनाई गईं। वेस्ट मैनेजमेंट के सभी पहलूओं पर लोगों को शिक्षित करने के लिए वर्कशॉप आयोजित किये गए। स्वच्छता के थीम पर म्यूजिक परफॉर्मेंस हुई। आर्ट वर्क बनाए गए। रायपुर से प्रेरित होकर अन्य ज़िलों में भी अलग-अलग तरह के कचरा उत्सव हुए। हर किसी ने अपनी-अपनी तरफ से पहल करते हुए स्वच्छता को लेकर इंनोवेटिव आइडियाज शेयर किये, चर्चाएं की, कविता पाठ हुए। स्वच्छता को लेकर एक उत्सव-सा माहौल तैयार हो गया। खासकर स्कूली बच्चों ने जिस तरह बढ़-चढ़ करके भाग लिया, वह अद्भुत था। वेस्ट मैनेजमेंट और स्वच्छता के महत्व को जिस अभिनव तरीक़े से इस महोत्सव में प्रदर्शित किया गया, इसके लिए रायपुर नगर निगम, पूरे छत्तीसगढ़ की जनता और वहां की सरकार और प्रशासन को मैं ढ़ेरों बधाइयाँ देता हूँ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर के बीजापुर में आई ई डी ब्लास्ट में शहीद सीआरपीएफ के स्निफर डॉग क्रेकर की दिनांक 30 अगस्त 2020 को मन की बात के 68 वे एपिसोड में चर्चा करते हुए अपने मन के भाव को यूँ प्रकट किया - एक डॉग बलराम ने 2006 में अमरनाथ यात्रा के रास्ते में, बड़ी मात्रा में, गोला-बारूद खोज निकाला था। 2002 में डॉग भावना ने आई ई डी खोजा था, आई ई डी निकालने के दौरान आंतकियों ने विस्फोट कर दिया और श्वान शहीद हो गये। दो-तीन वर्ष पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सीआरपीएफ का स्निफर डॉग क्रेकर भी आई ई डी ब्लास्ट में शहीद हो गया था। अगली बार, जब भी आपडॉग पालने की सोचें, आप जरुर इनमें से ही किसी इंडियन बीड के डॉग को घर लाएँ। आत्मनिर्भर भारत, जब जन-मन का मन्त्र बन ही रहा है, तो कोई भी क्षेत्र इससे पीछे कैसे छूट सकता है। कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता की जिस प्रकार हौसला अफजाई की वह किसी से छुपी नहीं है. उन्होंने कोरोना वारियर्स का हौसला भी डिगने नहीं दिया। मन की बात में दिनांक 25 अप्रेल 2021 को उन्होंने रायपुर के डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कार्यरत एक नर्स भावना ध्रुव से सीधे बात की थी। मुश्किल दौर में इस मोदी मन्त्र से देश भर के कोरोना वारियर्स को एक प्रकार से संजीवनी मिल गई. इसी प्रकार उन्होंने 24 अक्टूबर 2021 को छत्तीसगढ़ के देऊर गाँव की महिलाओं द्वारा गाँव के चौक-चौराहों, सड़कों और मंदिरों की सफाई कार्य का जिक्र करते हुए सराहना की थी. 91 वे एपिसोड में दिनांक 31 जुलाई 2022 को श्री मोदी ने नारायणपुर बस्तर के 'मावली मेले' का उल्लेख किया था. मन की बात के 97 वे तथा वर्ष 2023 के पहले एपिसोड में दिनांक 29 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का जिक्र करते हुए कहा था - अगर आपको छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जाने का मौका मिले तो यहाँ के मिलेटस कैफे जरुर जाइएगा। कुछ ही महीने पहले शुरू हुए इस मिलेटस कैफे में चीला, डोसा, मोमोस, पिज़्ज़ा और मंचूरियन जैसे आईटम खूब पॉपुलर हो रहे हैं।÷ इसी एपिसोड में उन्होंने बिलासपुर में आठ प्रकार के मिलेट्स का आटा और उसके व्यंजन बनाने के काम में लगे के एफपीओ की जानकारी दी इसी एपिसोड में आगे उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय हमारी धरती, हमारी विरासत का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। देश और समाज के विकास में उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। उनके लिए काम करने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान, नई पीढ़ी को भी प्रेरित करेगा। इस वर्ष पद्म पुरस्कारों की गूँज उन इलाकों में भी सुनाई दे रही है, जो नक्सल प्रभावित हुआ करते थे। अपने प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गुमराह युवकों को सही राह दिखाने वालों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इसके लिए कांकेर में लकड़ी पर नक्काशी करने वाले अजय कुमार मंडावी और गढ़चिरौली के प्रसिद्ध झाड़ीपट्टी रंगभूमि से जुड़े परशुराम कोमाजी खुणे को भी ये सम्मान मिला है। इसी प्रकार नॉर्थ-ईस्ट में अपनी संस्कृति के संरक्षण में जुटे रामकुईवांगबे निउमे, बिक्रम बहादुर जमातिया और करमा वांगचु को भी सम्मानित किया गया है। मन की बात के माध्यम से छत्तीसगढ़ के अनेक प्रसंग पूरे देश में चर्चित भी हुए और प्रेरणा भी बने. यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव करने वाली बात है.

# बस्तर में जवानों की हत्या आखिर कब तक होती रहेगी?

**(नक्सली अटैक )**

**संजीव ठाकुर**



विगत दिनों नक्सलियों द्वारा पुलिस वालों की व्यूह रचना तोड़ते हुए नक्सलियों ने एंबुश लगाकर 11जवानों की दंतेवाड़ा जिले में दर्दनाक हत्या कर दी, लगभग और जवान घायल भी हुए हैं, नक्सलियों का दो साल बाद का सबसे बड़ा हमला है। इसके पूर्व 2 वर्ष पहले एक विधायक की हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार खुफिया तंत्र की असफलता तथा नक्सलियों तक पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी पहुंचने के कारण नक्सलियों ने तांडव मचाया है। केंद्रीय गृहमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दोनों ने दुख व्यक्त कर पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ाया और यह भी कहा कि यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।नक्सलियों ने लगभग दो साल बाद छत्तीसगढ़ के जंगलों में अपनी उपस्थिति फिर से दर्शाइ है। छत्तीसगढ़ में बलरामपुर, जसपुर ,बस्तर ,दंतेवाड़ा ,सुकमा, कोंटा ,नारायणपुर आदि धुर नक्सली क्षेत्र माने जाते हैं और नक्सली अपनी गतिविधि यहां लगातार दर्शाते रहते हैं। लेकिन यह 11 जवानों की हत्या बड़ी ही दर्दनाक हुई और अचानक नक्सलियों द्वारा आक्रमण की रणनीति के कारण अभी तक प्रशासन शासन को समझ नहीं आया है । क्षेत्र की जनता और सरकार दोनों अब हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया विभाग अपने असफलता के कारणों की खोज में लगी हुई ईतना बारूद सड़कों में लगाया गया और पुलिस के खुफिया तंत्र को कानो कान खबर नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार के जंगलों में नक्सलवादियों ने अपना केंद्र बना कर रखा है, और गाहे-बगाहे पुलिस से मुठभेड़ में पुलिस वालों की अनावश्यक हत्या करते रहते हैं.

विगत दिनों नक्सली नेताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार से बातचीत करने का प्रस्ताव रखा था ,फिर अचानक ऐसा क्या हुआ की पुलिस के केंद्रीय बल के सैनिकों पर इतना बड़ा हमला कर दिया ।छत्तीसगढ़, झारखंड ,आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र की सरकार को नक्सली समस्या का स्थाई हल खोजना ही होगा अन्यथा इस तरह की नक्सली मुठभेड़ में जवानों की जिंदगी व्यर्थ ही गवानी पड़ जाएगी। नक्सली समस्या मूलत पश्चिम बंगाल की देन है,जहां चारू मजूमदार,कानू सान्याल के नेतृत्व में नक्शलवाड़ी नामक ग्राम में दल का गठन किया गया था।

जहां सरकार के विरोध में आदिवासियों के शोषण और सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के विरोध में चारू मजूमदार ने एक अभियान चलाया था। कालांतर में जो नक्सलवादी गतिविधि या वामपंथी गतिविधि के नाम से जानी जाती है।कई वर्षों पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे सिद्धार्थ शंकर रे ने प्रशासनिक कुशलता दिखाते हुए कठोर कदम उठाकर नक्सलवाड़ी को समूल नष्ट करवा दिया था। इसी तरह पंजाब में खालीस्तान समस्या सिर चढ़कर बोलने लगी थी। जिससे पंजाब की जनता अनावश्यक परेशान थी, और खालीस्तान के समर्थक वहां हिंसक गतिविधियों में लिप्त हो कर सरकार को सरकार चलाने में दिक्कत देने लगे थे। ऐसे में पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के,पी,एस गिल ने एक कठोर ऑपरेशन चलाकर खालीस्तान समस्या को नेस्तनाबूद कर दिया था। नक्सली तथा वामपंथी समस्याओं से प्रभावित झारखंड,छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों को नक्सलियों के विरोध में इसी तरह संयुक्त अभियान चलाकर नक्सली समस्या को कठोरता से खत्म करना चाहिए। या फिर शासन प्रशासन को नक्सली समस्या पैदा होने के मूल कारणों में जाकर वहां की आदिवासी जनता को राशन,दवाएं पानी, शिक्षाऔर सड़क की समस्या को समझ कर उस क्षेत्र को सामाजिक अभियान चलाकर नक्सली मुक्त कराना चाहिए ।क्योंकि नक्सलवादी वामपंथी लोग पुलिस दल से ज्यादा आधुनिक अस्त्र शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल कर पुलिस वालों को लगातार मौत के घाट उतार कर शासन का अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। अब तक नक्सलवादियों ने हजारों पुलिसकर्मियों की हत्या की है ।यह विद्रोही,माओवादी आदिवासियों को राशन पानी स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की सुविधाएं न दिए जाने की आड़ में उनसे सहयोग लेकर पुलिस वालों की निरंतर हत्या कर रहे हैं। जिसे तत्काल एक अभियान बनाकर तो रोका जाना चाहिए, इन राज्यों में दूरगामी योजना बनाकर सिद्धार्थ शंकर रे जैसे प्रशासक तथा केपीएस गिल के अधिकारियों की आवश्यकता फिर से होगी ।इसके अलावा नक्सलियों को खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सशक्त दूरगामी रणनीति तैयार कर इन को घेरकर खत्म किया जाना चाहिएद्य अन्यथा ऐसे ही मुठभेड़ों में निरीह जवानों की हत्या होती रहेगी और हम हाथ में हाथ धरे बैठे रहेंगे।

# कैसी है हमारी व्यावसायिक सुरक्षा और क्या है स्वास्थ्य खतरे ?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

क्या आप व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को समझने के इच्छुक हैं? यदि हाँ, तो व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक शाखा है जो कार्यस्थल की बीमारियों और चोटों के रुझानों की जांच करती है और रोकथाम के तरीकों और कानूनों की सिफारिश करती है और उन्हें लागू करती है। व्यावसायिक खतरों के सबसे प्रचलित प्रकारों में ऊँचाई, बिजली के खतरे, सुरक्षात्मक गियर की कमी, गति की चोटें, टक्कर, जैविक खतरे, रासायनिक खतरे, एर्गोनोमिक खतरे और मनोवैज्ञानिक खतरे शामिल हैं। व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य विभिन्न कार्यस्थलों में जोखिम को कम करना और समस्याओं की जांच करना है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा का क्षेत्र कार्यस्थल के खतरों के उन्मूलन, कमी या प्रतिस्थापन की मांग के लिए नियम बनाता है। ओएचएस कार्यक्रमों में कार्यस्थल की घटनाओं के परिणामों को कम करने के लिए प्रक्रियाएं और कार्यविधियां भी शामिल हैं। यह प्राथमिक चिकित्सा और भारी मशीनरी के सुरक्षित संचालन और संक्रमण की रोकथाम, एर्गोनोमिक सर्वोत्तम प्रथाओं और कार्यस्थल हिंसा प्रतिक्रिया रणनीति को कवर करता है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा (ओएचएस) सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक उपसमुच्चय है जो कार्यस्थल के स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करता है। यह कर्मचारी की चोट और बीमारी के पैटर्न की जांच करता है और काम पर आने वाले जोखिमों और खतरों को कम करने के लिए सिफारिशें करता है। प्रत्येक व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम होते हैं, और यह गारंटी देना प्रत्येक नियोक्ता का उत्तरदायित्व है कि उनके कर्मचारी यथासंभव सुरक्षित रूप से अपना काम कर सकते हैं। व्यावसायिक खतरों के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। भौतिक जोखिम, रासायनिक खतरे, जैविक खतरे, एर्गोनोमिक खतरे और व्यवहार संबंधी खतरे छह प्राथमिक खतरे श्रेणियां हैं। व्यावसायिक खतरे वे बीमारियाँ या दुर्घटनाएँ हैं जो काम के दौरान हो सकती हैं। दूसरे शब्दों में, कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पर जिन जोखिमों का सामना करना पड़ता है। एक व्यावसायिक खतरा एक नकारात्मक अनुभव या परिणाम है जो किसी व्यक्ति को उनके काम के परिणामस्वरूप होता है। कुछ शब्दकोशों के अनुसार, यह शब्द उन जोखिमों को भी संदर्भित करता है जिनका लोग अपने शौक पर काम करते समय सामना करते हैं। खतरा एक संभावित हानिकारक या अप्रिय घटना है। व्यावसायिक खतरे विभिन्न रूपों में आते हैं। खतरों का यह संग्रह काम पर हर समय मौजूद रहता है और उच्च रक्तचाप, तनाव और कैंसर सहित व्यावसायिक बीमारियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए जिम्मेदार है। ऐसे कारक, एजेंट या घटनाएँ जो स्पर्श के बिना या स्पर्श किए बिना नुकसान पहुँचा सकते हैं, शारीरिक खतरों के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें या तो पर्यावरणीय या व्यावसायिक खतरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। रेडिएशन, हीट, कोल्ड स्ट्रेस, कंपकंपी और शोर इसके कुछ उदाहरण हैं। जैविक जोखिम-जैविक खतरे, जिन्हें अक्सर जैव खतरों के रूप में जाना जाता है, जैविक यौगिक हैं जो मनुष्यों और अन्य जीवित प्रजातियों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। एक जैविक स्रोत से एक विष के नमूने, एक वायरस इस प्रकार के खतरे के उदाहरण हैं। विशेष रूप से, नमूने जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। एर्गोनोमिक खतरा गलत मुद्रा, ऊब, दोहराव, काम की पाली और तनावपूर्ण स्थितियों की आवश्यकता को संदर्भित करता है। एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के कार्यस्थल की पर्याप्तता में एर्गोनॉमिक रूप से हक्र को अपनाना शामिल है। एनेस्थेटिक मशीन, ऑपरेटिंग टेबल, साइड टेबल और मॉनिटर सभी को एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की ऊंचाई पर सेट किया जाना चाहिए। रासायनिक खतरे ऐसे जोखिम हैं जो कार्यस्थल में रसायनों के संपर्क में आने से उत्पन्न हो सकते हैं। पीड़ितों को तत्काल या दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों का अनुभव हो सकता है। सैकड़ों खतरनाक पदार्थों में प्रतिरक्षा एजेंट, त्वचाविज्ञान एजेंट, कैंसरजन, न्यूरोटॉक्सिन और प्रजनन जहर शामिल हैं। खतरनाक यौगिकों में अस्थमा, सेंसिटाइज़र और प्रणालीगत ज़हर शामिल हैं। जोखिम की मनोसामाजिक प्रकृति-मनोसामाजिक खतरे कार्यस्थल के जोखिम हैं जिनका कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। ये खतरे अन्य लोगों के साथ टीम की स्थिति में कार्य करने की उनकी क्षमता को सीमित करते हैं। जिस तरह से काम बनाया गया, संरचित और प्रबंधित किया गया वह मनोसामाजिक खतरों से जुड़ा हुआ है। रोगियों में मनोवैज्ञानिक या मानसिक हानि या बीमारी होती है। कुछ लोग शारीरिक रूप से चोटिल या बीमार भी होते हैं। कानूनी विनियम, प्रमाणन और पंजीकरण, निगरानी और निगरानी, दुर्घटना की सूचना देना, और कार्य चोट क्षतिपूर्ति सभी कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य का हिस्सा हैं। कार्यस्थल सुरक्षा में सुधार के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझें। लोगों को उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए कॉर्पोरेट गतिविधि के जोखिमों से बचाएं; स्रोत पर कार्यस्थल जोखिमों को समाप्त करना; और स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में उनका प्रतिनिधित्व करने वाले नियोक्ताओं, कर्मचारियों और संगठनों को शामिल करें। काम की दुनिया में गहरा परिवर्तन हो रहा है। सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों और अन्य हितधारकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का कार्यस्थल बनाने के अवसरों का लाभ उठाएं। काम पर सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के उनके दिन-प्रतिदिन के प्रयास भारत के ठोस सामाजिक आर्थिक विकास में सीधे योगदान कर सकते हैं।

**व्यंग्य**

# हाय-हाय यह गर्मी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



कुछ कहावतें समय के साथ बदलती रहती हैं। जैसे तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। लेकिन पंखे की तीन पत्तियाँ तीन तिगाड़ा तो कतई नहीं हो सकती। गर्मी के दिनों में वो न हो तो आदमी का बिगाड़ा हो सकता है। जिस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तिकड़ी दुनिया चलाती है, ठीक उसी तरह पंखे की तीन पत्तियाँ मेरे घर को। पंखे की स्पीड पाँच की हो तो कहना ही क्या, बिखरे हुए अखबार के पन्नों की तरह सब कुछ फड़फड़ाने लगता है। पंखा पुराण में नाना प्रकार की कष्ट लीलाएँ वर्णित हैं। पंखा न चले तो बच्चे घर से भाग जाते हैं। सब्जियाँ खराब हो जाती हैं। गर्मी में जिन कपड़ों को धोने के लिए पांच मिनट लगते हैं, वही पसीने से तर-बतर होने के लिए दो मिनट। कभी-कभी तो लगता है कि मैगी नूडल्स ने दो मिनट का फार्मूला यहीं से चुराया है।

पंखे के बंद होते मैं इस तरह छटपटाने लगता हूँ जैसे बिन पानी मछली। वैसे मछलियाँ बरसात के दिनों में भी सुरक्षित नहीं होती। भूख के आगे सभी अभागे हैं। कभी-कभी सोचता हूँ यह पंखा न होता तो क्या होता? न मेरी शादी होती, न मेरे बच्चे। या यूँ कहिए कि दुनिया ही नहीं होती। बहरहाल, पंखे के बंद होते ही, सारा-का-सारा माहौल अचानक से पसीने का पानीपत बन जाता है। कभी आप बगलों को खुजलाते हैं तो कभी सिर। कभी पीठ को खुजलाते हैं तो कभी कुछ। ऐसे समय में हमें अपने शरीर पर बड़ा पछतावा होता है। भगवान से प्रार्थना करते दिखाई देते हैं कि यह गर्मी का मौसम क्यों बनाया? बनाया तो बनाया बदन खुजलाने के लिए और दो-चार हाथ क्यों नहीं दिए? सच कहें तो पंखे का बंद होना समस्त मानवजाति के लिए अभिशाप बन जाता है। पंखा है तो हवा है। हवा है तो वाह-वाह है। नहीं तो आह-आह है। गर्मी के दिनों में वैसे तो सब कुछ जल्दी पकता है, लेकिन दिमाग का नंबर पहले आता है। इन दिनों में सरल वाक्यों का प्रयोग श्रेष्ठ माना जाता है। संयुक्त अथवा मिश्रित वाक्यों से खोपड़िया कुछ ज्यादा ही पक जाती है। ऐसे में मनुष्य गलतियों का पुतला वाली उक्ति को चरितार्थ करने में अपना सब कुछ लगा देता है। यही कारण है कि जब कोई किसी के घर जाता है तो उसके लिए टेबल वाला तीन पत्तियों का झेलनदार तीव्र गति में दौड़ा दिया जाता है। उसके बाद पानी, शरबत और आवभगत की अन्य सामग्री दी जाती है। गर्मी की दुपहरिया में जब सूर्य सिर को भूमध्य रेखा समझ शून्य डिग्री पर प्रयाण करता है तब सुनने, समझने और बोलने की क्षमता समाप्त हो जाती है। डैड डेड की तरह, मम्मी मिस्र की मम्मी की तरह दिखाई देने लगते हैं। गर्मी के दिनों में बिजली चली जाए तो सबके मुँह से एक ही वाक्य निकलता है - बिजली कब आएगी? गर्मी के दिनों में बिजली को छुप्पम-छुपाई खेलने का बड़ा शौक होता है। आदमी जब तक जीने की आस न छोड़ दे तब तक उसके दर्शन नहीं होते। थोड़ी सी हवा भी कहीं से आ जाए तो मानो ऐसा लगता है जैसे पंखा चल पड़ा। अब भला पंखा सरकार थोड़े न है कि भेड़-बकरियों के वोट से चल पड़ेगा। इसके लिए बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जो कि इस समय मंहगाई को छोड़कर कहीं दूसरी जगह दिखाई नहीं देती। मैं तो कहूँ महंगाई की बिजली से सपनों का पंखा चलाइए और इस जिंदगी से छुटकारा पाइए।

**एक नजर**

## अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत ( छ.ग. के निवासी) जो शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आई. टी. आई. आदि में अध्ययनरत है, जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है तथा जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है, ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। छ.ग. राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु दिनांक 03 मई 2023 तक और छ.ग. राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु 08 मई 2023 तक आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2022-2023 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने का अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

## सुकमा जिले के कूकानार व गादीरास थाना क्षेत्र में खिड़खिड़ी जुआ जोरो पर

**सुकमा 28 अप्रैल।** आदिवासियों से जुआरियों के द्वारा की जाती है भारी लूट,जुआं में छोटे छोटे छात्र व शिक्षक व शासकीय कर्मचारी भी होते हैं शामिल जुआरियों द्वारा पुलिस की निगरानी हेतु लगाया जाता है पहरेदार 1-गुरुवार--कोरगुड़ियम(थाना क्षेत्र कूकानार 2-शनिवार-कुनदनपाल(थाना क्षेत्र कूकानार) 3-रविवार-मिचवार(थाना क्षेत्र गादीरास) 4-सोमवार-इरपा(थाना क्षेत्र कूकानार) 5-मंगलवार-पेदारास(थाना क्षेत्र कूकानार) इन बाजारों में हो रहा हैं खिड़खिड़ी जुआं।

## एनपीएस अथवा ओपीएस चयन का अंतिम अवसर

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अप्रैल।** राज्य शासन के शासकीय कर्मचारियों को एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. पेंशन स्कीम का चयन के लिए विकल्प प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान की गई है। शासकीय सेवक 08 मई 2023 तक विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि में संबंधित शासकीय सेवकों द्वारा एन.पी.एस. अथवा ओ.पी.एस. के चयन के विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो भविष्य में किसी प्रकार का विकल्प चयन करने का अन्य अवसर नहीं दिया जावेगा।

# महिला स्व सहायता समूह वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर आर्थिक रूप से हो रहे सशक्त

**जिले के गौठानों में विभिन्न आयमूलक नवाचार किया जा रहा है**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत जिले के गौठानों में विभिन्न आयमूलक नवाचार किया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गौठानों में वर्मी खाद का उत्पादन कर उसका विक्रय किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ गांव की महिला स्व सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराई जा रही है। विकासखंड भानुप्रतापपुर के मॉडल गौठान चिल्हाटी की दीदी बहना महिला स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। चिल्हाटी गौठान की वर्मी



उत्पादक महिला समूह की अध्यक्ष हिरोतीन गोटा ने बताया कि कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची के तकनीकी मार्गदर्शन से समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कार्य मे दक्षता हासिल की है। जिसके परिणाम स्वरूप गोधन न्याय योजना से बीते वर्ष 2021-22 में 305 क्विंटल वर्मी खाद का उत्पादन एवं उसका विक्रय कर समूह की महिलाओं द्वारा किया जा चुका है। जिसे लेम्पस के माध्यम से विक्रय कर लगभग 03 लाख रुपए की आमदनी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2023 में मानसून खेती शुरू होने से पहले ही कोरर लैम्पस में 670 बैग वर्मी खाद अथवा 201 क्विंटल विक्रय कर लगभग 02 लाख रुपये आय अर्जित किये हैं। वर्मी खाद का भंडारण कोरर लैम्पस में किसानों को बिक्री हेतु उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की यह योजना गांव की महिला स्व सहायता समूह के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

## जल बहिनियों को कार्यशाला में जल गुणवत्ता की जानकारी दी

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अप्रैल।** जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के प्रथम बैच के आठ ग्रामों की जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड भानुप्रतापपुर कार्यालय में सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड भानुप्रतापपुर वाईके गुरु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक कुमार सिंह तोप्पा एवं आईएसए प्रतिज्ञा विकास संस्थान के ऋषि कुमार सेन ने जल जीवन मिशन के समस्त अवयवों का जानकारी दिये। सहायक अभियंता वाईके गुरु ने जल बहिनियों को भूमिकाओं से अवगत कराते हुए ग्राम के प्रत्येक जल स्रोत के जल का परीक्षण करने एवं लोगों को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक करने एवं लोगों को शुद्ध पेयजल पीने के लिए प्रोत्साहित करने कहा।

# नोडल अधिकारी ने ली प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कराने बैठक

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अप्रैल।** प्रवेश आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वी में प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा। नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर ए.एस पैकरा ने परीक्षा संपन्न कराने हेतु बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। परीक्षा का सफल संचालन के लिए आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक सुश्री जयामनु को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासकीय अधिकारी आरपीएस ठाकुर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रमेश कुमार वट्टी, प्रभारी मण्डल संयोजक एसके कुल्हरिया को प्रेक्षक बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा में 3786 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिसके लिए 09 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, सेंट माईकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर, शासकीय भानुप्रताप देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव, शहीद रामकुमार यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट, शासकीय हाई स्कूल कन्या आश्रम सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी और पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल इमलीपारा कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर जीएस नाग, सहायक प्रोफेसर एसआर बंजारे, प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, सरिता भास्कर, गीता राठौर, कैलाश कुमार तारक, तेजराम कौशिक सहित दिनेश ठाकुर, योगेश रजक उपस्थित थे।



# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 9 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल

**उत्तर बस्तर कांकेर 29 अप्रैल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 29 अप्रैल दिन शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जायेगी, जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों से 09 हजार 08 परीक्षार्थी चयन परीक्षा में शामिल होंगे, जो अब तक का कीर्तिमान है। पिछले वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में 07 हजार 92 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में शिक्षकों द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा पांचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से फार्म भरवाये गये थे, जिसके फलस्वरूप सुदूर अंचल के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा भी फार्म भरे गये हैं, इससे उनके प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा तथा विद्यालय को होनहार विद्यार्थी प्राप्त होंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय के चयन परीक्षा के संबंध में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को ब्लॉक स्तर एवं विद्यालय स्तर पर तैयारी भी कराई गई है तथा उन्हें मार्गदर्शन दिये गये हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिले में 30 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं तथा केन्द्राध्यक्षों एवं केन्द्र स्तरीय पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। चयन परीक्षा के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अंतागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या अंतागढ़, एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, आदि को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

**समाचार संक्षेप**

## सिविक एक्सन प्रोग्राम में सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को साड़ी,लुंगा व बीज बांटे




**सुकमा 28 अप्रैल।** जिले के नक्सल समस्या ग्रस्त ग्राम दरमागुडा ईलाके के ग्रामीणों की उम्मीद की मुस्कान बनी केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल जो अपने नक्सल उन्मुलन के कर्तव्य के साथ-साथ ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने तथा उनके जीवन में उजाला लाने हेतु सतत् प्रयासरत है। 28 अप्रैल दिन शुक्रवार को श्री असित कुमार चौधरी कमाण्डेन्ट 228वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में श्री कुमार ओमप्रकाश उप कमा0 के नेतृत्व तथा जी/ 228 समवाय के कमान अधिकारी श्री विष्णु कुमार साह, सहा0कमा0 की उपस्थिति में तीसरी बार सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन मुलाकिशोली में किया गया जिसमें गाँव के लोगों को आवश्यक सामाग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को साडी एवं पुरूषों को लुंगी के साथ साथ किसानो को मौसम को देखते हुए खेतों में लगाने हेतु मक्का, बरबटी, ज्वार, करैला आदि के बीजों का वितरण किया गया। इसके साथ शुद्ध पेयजल हेतु 15 लीटर वाली वाटर फिल्टर तथा चार्जेबल लालटेन बाँटा गया जिसमें मुलाकिशोली तथा आस-पास के गाँवों के लगभग 150 लोग लाभांवित हुए। इस मौके पर 228वीं वाहिनी के श्री कुमार ओमप्रकाश उप कमा0 तथा जी / 228 समवाय के कमान अधिकारी श्री बिष्णु कुमार साह सहा0 कमा0 तथा सरपंच मुलाकिशोली सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 मई तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अप्रैल।**अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से वर्ष 2022-23 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 03 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य के बाहर अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के निवासी जो शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत हैं, जिनका संस्था में प्रवेश विलंब से हुआ है तथा परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित किया गया है। ऐसे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखते हैं। वे वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन 27 अप्रैल से 03 मई तक, छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन 27 अप्रैल से 08 मई तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने 27 अप्रैल से 10 मई तक और सेंक्सन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल से 15 मई निर्धारित की गई है। यह विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2022-23 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण को जल्द पूर्ण करे: कलेक्टर

**जगदलपुर, 28 अप्रैल।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने कहा कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य को 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है इसके लिए विकासखंडों के बचे हुए ग्रामों में सर्वे कार्य को जल्द पूर्ण करें साथ ही जनपद पंचायत के अधिकारी सर्वेक्षण का सतत निरीक्षण करें। उक्त निर्देश मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन बढ़ाने के लिए कालेजों में भी शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, वनमंडलाधिकारी श्री डी पी साहू, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज विकास निधि, सीएसआर और बस्तर विकास प्राधिकरण मद से जिले में किए जा रहे विकास कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के विभागीय मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र और निरस्त के लिए प्रस्तावित कार्यों की भी जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही विभागों को सम्बन्धित निर्माण कार्यों की दस्तावेज़ीकरण कार्य को भी दुरूस्त रखने कहा। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक के निर्माण कार्यों का जनपद स्तर पर लंबित निर्माण कार्य आवश्यक प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पंचायतों में निर्माण की राशि का सरपंच-सचिव के द्वारा आहरित किया गया है किन्तु कार्य नहीं करवाने की स्थिति में आरआरसी के तहत अनुविभागीय दंडाधिकारी के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में छात्रवृत्ति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किए।

# गांवों में हमले के विरोध में पीएलजीए ने डीआरजी पर किया हमला:माओवादी

**सुकमा 28 अप्रैल।** कल 26 अप्रैल 2023 को हमारे बहदुराना पीएलजीए ने अरनपुर के पास जर्बदस्त हमले को अंजाम देके संपन्न किया. इसमें 11 डीआरजी गुण्डों का मौत हुई, प्रस प्रथामिक समाचार के अनुसार कईयों पुलिस जवानों घायल होने के संभाना है. केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह ने माओवादी पार्टी को 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्मूलन करने की दृष्ट योजना के तहत जनता पर युद्ध चला रहे हैं. देश- विदेशी कार्पोरेट घरानों के हाथ में बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को सौंपने के विरोध में यहां चल रही क्रांतिकारी आंदोलन को उन्मूलन करने की घोषणा कर रहे है. इसी अंतर्गत लाखों की संख्या में अलग-अलग किस्म के सैनिक / अर्ध सैनिक बल हस्त, छ्त्रन्न, कोबरा जैसे कमांडो फोर्सेस को यह तैनात कर बस्तर को एक सैनिक छावनी के रूप में तब्दील किया गया. इन किराये फोर्सेस द्वारा आये हर दिन जनता पर अत्याचार हत्याकाण्ड, गिरफ्तारियां संपत्ती को लूटने जैसी पाशविक हरकते करवा रही है. दिन-रात अलग अलग किस्म के ड्रोन हेलिकाप्टारों द्वारा निगरानी रखते हुये विदेशी भूभागों पर किये जैसा अपने ही यहाँ के जनता पर हवाई हमला कर रही हैं. ऐसी स्थिति में इस जघन्य क्रूर पाशविक हमलों को प्रतिरोध करे बिना जनता के पास और कोई चारा नही हैं. फिलहाल हुई प्रतिरोध की कार्रवाई भी सर्चिंग के नाम पर गांवों पर हमलाये कर वापस जाते वक्त हमारे पी. एल. जी. ए. ने कुख्यात डी.आर.जी. गुण्डों पर हमले को अंजाम दिया. बस्तर इलाके में पुलिस नौकरीयों में भर्ती के लिए योग्यताएं व मापदंड भी बदल दिया. अनपढ़ होने से भी. पिजिकल फिट्नेस नहीं रहने के बावजूद सिर्फ शिकार करने में माहिर लोगों को गद्दारियों व लंपेन ताकतों को छ्त्रन्न भर्ती में पहली प्राथमिकता दे रही हैं. एसी फोर्सेस गाँवों पर हमलाय करके अपनी परिवार वालों पर भी अमानवीय तरीकों से अत्याचार हत्याकाण्ड करने पर उतरे हैं. असल में



हमारे संघर्ष सामंतवाद, दलाल नौकारशाह पुजिपति व साम्राज्यवाद के खिलाफ हैं. केन्द्र राज्य सरकारें इन तीन जन दुश्मनों के फायदे के लिए काम कर रहे हैं. इसके लिए आपको एक औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं. देशा में 1990 से लागु नाया उदारवादी नीतियों के कारण सरकारें अपनी जिमेदारी से हटके सभी पब्लिक सेक्टरों को विनिवेश करते हुये देशी-विदेशी दलालों के हाथों सौंप रही हैं, इसके कारण गरीब और अमीरों के बीच अंतर और गहराई होते जा रहे हैं. 2022 में ही गौतम अदानी (मोदी के मालिक) के संपत्ति 40 लाख करोड़ बढ़ गई. नतीजतन दरिद्रता, बेरोजगारी, महंगाई कईयों गुणा बढ़ गई. एसी स्थिति में सरकारें पुलिस विभाग को छोड़के बाकी सभी विभागों में नियुक्तियां बंद कर दी. इस दयनीय हालातों में आप में से उच्च स्तर पढ़ाई प्राप्त करने के बावजूद अपनी परिवार को पालन-पोषण करने के लिए मजबूरी में पुलिस नौकरियों में जा रहें हैं, आप कि मजबूरी को भी हम समझते है।

## कन्हैया ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान रायपुर दक्षिण के लिए दी गई सौगात का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पुरानी बस्ती के पुराने वैभव को लौटाने का कार्य किया है । पुरानी बस्ती के ऐतिहासिक दूधाधारी मठ से अपना कार्यकाल शुरू करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मठों और मंदिरों का दर्शन किया , मठपारा में राजू नायक के घर भोजन किया .. प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा । ऊपर गए ज्ञापन में पिछले 15 सालों से मठपुरैना में लंबित 100 बिस्तर अस्पताल का निर्माण प्रारंभ करने की मांग के साथ ही टिकरापारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, भाठागांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, महाराणा प्रताप स्कूल नयापारा को आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल घोषित करने निवेदन किया है । श्री अग्रवाल ने क्षेत्र के नागरिकों के बीएसयूपी मकानों के लंबित आवेदनों के निराकरण के साथ ही गरीबों के पट्टा दिए जाने का कार्य में हो रहे विलंब को दूर करते हुए पट्टा वितरण प्रारंभ करने की मांग भी की है । रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब सट्टा और गांजा का बड़ा गढ़ बन जाने के कारण क्षेत्र आसान हो रहा है।

**'तिरंगे में लिपटे शहीदों को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

# पुलिस लाइन कारली में मुख्यमंत्री, गृहमंत्री ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**दंतेवाड़ा 28 अप्रैल।** बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में हुए नक्सली हमले में शहीद डीआरजी के 10 जवानों एवं हमले में शहीद वाहन चालक को पुलिस लाइन कारली में श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद दीपक बैज, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत पुलिस के कई आला अफसर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल हेलिकाप्टर से सुबह 11 बजे पुलिस लाइन कारली पहुंचे जहां सबसे पहले शहीदों को गाड आफ आनर दिया गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहीद जवानों के काफिन में पुष्पगुच्छ चढ़ाकर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी शहीद के परिवारजन भी मौके पर मौजुद थे। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद शहीद के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि सरकार शहीद परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है लिहाजा आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं। श्रद्धांजलि देने विपक्ष के भी कई नेता श्रद्धांजलि कार्यक्रम सभा स्थल पर पहुंचे थे। जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश प्रभारी ओपी माथुर, जिला प्रभारी श्रीनिवास मद्‌दी समेत कई अन्य विपक्षी नेताओं ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान श्री माथुर ने सीएम श्री बघेल से भेंट कर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि देने शहीद परिवार के गांवों से भी बड़ी तादात में ग्रामीण आए थे सभी ने बारी बारी से शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस दौरान शहीद के सभी परिजन रोते बिलखते नजर आए जिन्हें पुलिस के जवान शांत कराते रहे। श्रद्धांजलि देने उपारांत शहीदों के पार्थव शरीर को जब अंतिम विदाई दी जा रही थी तो प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल ने अपने स्थान से उठकर स्वयं एक शहीद के ताबूत के नजदीक पहुंचे और अपने हाथों से शहीद के ताबूत को उठाकर उन्हें अपने कंधे पर रखा और चलकर वाहन तक शहीद को अंतिम विदाई दी। शहीदों को श्रद्धांजलि देने उपरांत मीडिया से मुखातिब होते प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल ने दुखी मन से कहा कि कल जो घटना हुई है वह बेहद ही दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे चूक नहीं कह सकते क्योंकि हमारी पुलिस को यह जानकारी थी कि उस इलाके में नक्सलियों की उपस्थिति है। जवान सर्चिंग पर ही निकले थे इसी दौरान ये घटना हुई है इसलिए इसे चूक कहना सही नहीं होगा हो सकता है थोड़ी बहुत कोई कमी रह गई होगी। श्री बघेल ने कहा कि जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना पर जवानों की टीम सर्च आपरेशन पर निकली थी और जब जवान लौट रहे थे उसी दरम्यान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है। उन्होने कहा कि नक्सलियों का शुरू से ही यही रणनीति रही है कि घुपकर हमला करो और मौके से कायरों की तरह भाग जाओ। इस बार भी उन्होने कोई आमने सामने की लड़ाई नहीं लड़ी है छुपकर घात लगाकर जवानों पर हमला किया है। उनकी इस कायराना हरकत का हम कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हैं। श्री बघेल ने कहा कि अरनपुर में आज विकास की बयार बह रही है। जहां कभी आम आदमी पहुंच नहीं सकता था आज उस इलाके में दिन रात बेधड़कर कोई भी इंसान आ जा सकता है। सड़क से लेकर फोन कनेक्टीविटी तक की सुविधा आज अरनपुर जगरपुरंडा इलाके के लोगों को मिल पा रहा है। उस इलाके में हाट बाजार भी लग रहे हैं। दरअसल नक्सली अब हाशिये पर हैं। अपना वजूद बचाने वे अंतिम लडाई लड़ रहे हैं। सरकार नक्सलमुक्त प्रदेश के लिए दृढ संकल्पित है। बचे खुचे नक्सलियों को भी जल्द मार गिराया जाएगा। शहीदों की कुर्बानी कभी बेकार नहीं जाती। हमारे जवान पूरे इलाके को घेराबंदी कर कायर नक्सलियों के गढ़ तक जाकर उन्हें ढंढ रहे हैं इलाके में आपरेशन को और तेज किया जाएगा। जल्द ही नक्सलियों पर बड़ी कारवाई होगी। जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी का परीक्षा परिणाम घोषित



**अंवरी 28 अप्रैल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी का परीक्षा परिणाम घोषित 27 अप्रैल को किया गया। जिसमें कक्षा 9वी में पहला डिगेश कुमार 96.33 प्रतिशत, दूसरा कुमारी गीतांजली 90 प्रतिशत एवं तीसरा कुमारी संध्या 88 प्रतिशत साथ साथ 11 वी में पहला यशकुमार 90.60 प्रतिशत विज्ञान संकाय, दूसरा राहुल कुमार 90.20प्रतिशत गणित संकाय एवं तीसरा कु जिज्ञासा 88 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर भुनेश्वर साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, पीएन साहू प्राचार्य, लेखराम साहू सांसद प्रतिनिधि, बालाराम ध्रुव, गेंदलाल पटेल, चिंताराम मरकाम, शिक्षक डीके साहू, सोरम पटेल, आरके चंदेल, नंदिनी सिन्हा, पी सिन्हा, एल के घोघरे, लोकेशवरी सोनगेर, परीक्षा प्रभारी के एल यादव उपस्थित थे।

एक नजर

## अब गांव-गांव पहुंचकर परिवहन विभाग बना रहा लर्निंग लाइसेंस

गरियाबंद, 28 अप्रैल। गरियाबंद जिले में परिवहन विभाग प्रतिदिन लर्निंग लाइसेंस का शिविर लगाकर सैकड़ों लोगों का लर्निंग लाइसेंस बना रहा है दरअसल तूहर सरकार तूहर द्वार के तहत छोटे-छोटे गांवों में परिवहन विभाग लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाने का प्रयास कर रहा है। खास बात यह है कि शिविर स्थल पर ही तत्काल आवेदन लेकर लोगों को लर्निंग लाइसेंस बना कर दिए जा रहे हैं।परिवहन सुविधा केंद्र के संचालकों को लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने की जिम्मेदारी दी जा रही है जिससे गांव गांव में ऐसे लोग जो गाड़ी तो चला लेते हैं मगर लाइसेंस अब तक नहीं बनवाया था उन्हें लाइसेंस बनवाने में काफी सुविधा मिल रही है अब तक ब्लॉक मुख्यालयों में लगने वाले शिविर अब छोटे गांवों में भी लगने लगे हैं प्रतिदिन 4 से 5 गांवों में शिविर लगाया जा रहा है जो अगले 29 तारीख तक जारी रहेगा गरियाबंद जिले में आज लोहरसी, मैनपुर खुर्द, रानीपरतेवा, अमलीपदर, देवभोग, फुलकर्रा में लर्निंग लाइसेंस का शिविर लगाया गया है, इन शिविरों में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर कंप्यूटर पर ही इनके सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी की परीक्षा लेखक तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जा रहा है।



## कलेक्टर,एसपी ने फुन्डरी में निर्माणधीन पुल एवं पीएचसी नेलसनार का किया निरीक्षण

बीजापुर 28 अप्रैल। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने भैरमगढ़ ब्लाक में इन्द्रावती नदी पर निर्माणधीन उच्चस्तरीय पुल का औचक निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने, श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 2 पिलर बचा है जिसे जल्द पूरा किया जायेगा। कलेक्टर श्री कटारा ने मशीनों को जल्द लाकर गडर लांच करने एवं ढलाई का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं स्लैब की तैयारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं से मिलकर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं एवं ईलाज के बारे में जानकारी ली। पोषण पुनर्वास में संदर्भित बच्चों को प्रदाय की जाने वाली पोषण आहार उनके वजन में वृद्धि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक पंजियों एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया।

सभी वक्ताओं ने नक्सलियों के इस कायराना हरकत की निंदा की

# शहीद जवानों को सर्व समाज ने तिरंगा चौक मे कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





गरियाबंद,28 अप्रैल। दंतेवाड़ा जिला के अरनपुर में नक्सलियों के कायर्तापूर्वक हमले में जिला पुलिस बल के 11 जवानों की शहादत को नमन करते हुए नगर के सर्व समाज प्रमुख एवम गणमान्य नागरिकों ने गरियाबंद के हृदय स्थल तिरंगा चौक में कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। नक्सलियों के इस कायर्तापूर्वक हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि शहीद जवानों को अपने श्री चरणों में सर्वोत्तम स्थान प्रदान करें।

इस अवसर पर मुकेश रामटेके के ने कहा की जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा जो कायरना हरकत नक्सलियों ने की है छत्तीसगढ़ के वासी इसका निंदा करते हैं और इसका मुंहतोड़ जवाब हमारी पुलिस देगी। वही सर्व समाज के प्रमुख मनोज खरे ने कहा कि नक्सलियों ने जो कायराना हरकत किया है इससे पूरा छत्तीसगढ़ के साथ ही देश उधलीत है और छत्तीसगढ़ के पुलिस, सीआरपीएफ अन्य अर्धसैनिक बल इनका जवाब जल्द देंगे और हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवारों को ईश्वर सहन शक्ति दे और मृत जनों को ईश्वर अपने चरणों में सर्वोत्तम स्थान प्रदान करें ।इस अवसर पर भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आबिद ढेबर ने कहा की दंतेवाड़ा में अरनपुर में नक्सलियों को कायरतापूर्ण तरीके से पुलिस जवानों की हत्या की है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा की शोक संतृप्त परिवार के साथ हमारी संवेदना हैं। जवानों को शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रोहरा ने कहा कि दंतेवाड़ा नक्सली घटना से समूचा प्रदेश दुखी है। व्यापारी वर्ग इस निर्मम नक्सली हमले ओर घटना की कड़ी निन्दा करता हैं। देश सेवा करते शहादत प्राप्त करने वाले भारत माता के वीर सपूतों के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा।कार्यक्रम में कार्यक्रम में महार समाज अध्यक्ष सुरजीत कुटारे, सुरेंद्र सोनटेके, ऋतिक सिन्हा, मुकेश रामेटेके, गैंदलाल सिन्हा, योगेश बघेल, आसिफ मेमन ने भी नक्सलियों की इस कायराना हरकत की निंदा करते हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवारों को इस दुखद घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें जिस प्रकार नक्सलियों ने एंबुश लगाकर पुलिस जवानों की हत्या की है वह बेहद शर्मनाक है। नक्सलियों ने कायरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा की नक्सली की इसका याराना करतूत का छत्तीसगढ़ पुलिस व हमारे अर्धसैनिक बल के जवान जल्द ही मुंहतोड़ जवाब देंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रवीण कुमार पोर्ते तहसीलदार, राकेश मिश्रा थाना प्रभारी गरियाबंद, आर आई उमेश राय, मनोज खरे, सेवा गुप्ता, वीरु यादव5 आबिद ढेबर, प्रकाश रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, आसिफ मेमन, हेमंत सांग, सुजीत कुटारे, राम सेवक रामटेके, ताहिर खान, टिंकू ठाकुर सनी मेमन, संदीप सरकार ,अमित मिरी, मुकेश रामटेके, गैंदलाल सिन्हा5 योगेश बघेल प्रकाश सोनी सुरेश मानिकपुरी भानु सिन्हा नादिर कुरेशी सुफियान मेमन बाबा सोनी संजू साहू सूरज महाडिक सर तलवरे सर तारक सर सुनील कुमार यादव इरफान मेमन यूसुफ मेमन विमला साहू प्रतिभा पटेल नीतू देवदास ज्योति साहनी श्रद्धा राजपूत नंदनी त्रिपाठी सुनीता गिरी गोस्वामी अवनीश तिवारी सफीक खान अहसन मेमन अनीश मेमन वुमन मरकाम चंदू मरकाम डायमंड साहू यमन ठाकुर, प्रियांशु सेन , राहुल सोनवानी योगेश सेन , शुमित पुरेना , शुभम ध्रुव अनुराग साहू , राघव दूबे , अनिल ध्रुव परवीन भिलेपरिया , राजा प्रकाश यादव सौरभ राजपूत , विकास राजपूत ताराचंद साहू , कुलदीप तिवारी दौलत साहू , धनेश ध्रुव , प्रियांशु निराला मिथलेश नागेश , यशवन्त सिन्हा, वारिस वारसी, आयुष, प्रीतम बंजारे, देवेन्द्र कुमार, लीलाधर सोरी, रेखराम, राहुल साहू, नवीन साहू, निखिल यादव, वसीम खान, रूपेश, नील साहू।

## शहीद जवानों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



गरियाबंद,28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दंतेवाड़ा के अरनपुर नक्सली घटना में शहीद डीआरजी के दस जवानों एवं वाहन चालक को गुरुवार शाम भाजपा पदाधिकारियों ने नगर के तिरंगा चौक में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपाइयों ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन व्रत रख पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर भाजपाइयों ने नक्सलियों के कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की।

भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पदाधिकारी बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, पूर्व महामंत्री रिखी राम यादव, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, आशीष शर्मा, अनूप भोसले, मुकेश दासवानी, आसिफ मेमन, परस देवांगन, नोहर देवांगन, बिंदु सिन्हा, धनजय नेताम, नेहरू साहू, शेषणारायण गजभिए, प्रह्लाद ठाकुर, विष्णु मरकाम, विनोद नेताम, परमेश्वर सेन, हेमंत वर्मा, राधेश्याम पटेल, राजेश सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल की तारीफ की




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 28 अप्रैल । कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री कटारा ने नवोदय विद्यालय के शिक्षा एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को नवीन भवन जो कि ज्ञानगुड़ी (एजुकेशन सिटी) में निर्माणधीन है और निर्माण के अंतिम पड़ाव पर है उसे जल्द पूर्ण करने, पेयजल, विद्युत विस्तार, ट्रांसफार्मर सहित लैब, क्लास रूम, लाईब्रेरी की कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर को अपने बीच पाकर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला और छात्राओं ने अपने हाथों से बनाया हुआ सुंदर चित्र कलेक्टर को भेंट किया। कलेक्टर श्री कटारा ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए अपने मन पसंद क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, प्राचार्य नवोदय विद्यालय श्री विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, के अधिकारीगण, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, पालक समिति के सदस्य श्री कमलेश्वर सिंह पैंकरा एवं श्रीमती पुनेठा सहित विद्यालय परिवार के शिक्षणगण उपस्थित थे।

## वेदांता एल्यूमिनियम की 'अग्निवाहिनी' में सदस्यों की संख्या हुई 100

कोरबा, 28 अप्रैल। कोरबा भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने 28 अप्रैल, 2023 के महत्वपूर्ण आयोजन 'कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के विश्व दिवस' पर यह घोषणा की है कि उनकी पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित विशिष्ट अग्निशामक टीम 'अग्निवाहिनी' में सदस्यों की संख्या 100 हो चुकी है। इन सदस्याओं को अग्निशमन के जटिल एवं महत्वपूर्ण कौशल का गहन प्रशिक्षण दिया गया है। अग्नि सुरक्षा टीम के साथ काम करते हुए 'अग्निवाहिनी' कंपनी के झारसुगुड़ा स्थित प्लांट्स में आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम व उनमें कमी लाने के उपायों को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है।

# जिले के संकुल केंद्र में अंगना म शिक्षा, पढ़ाई तिहार का आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 28 अप्रैल। बीजापुर जिले के महिला शिक्षिकाओं के कुशल नेतृत्व में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम का तीसरे वर्ष में प्रवेश हो रहा है। हर वर्ष ब'चे कक्षा पहली में प्रवेश लेते हैं। आंगनबाड़ी के माहौल से स्कूल में प्रवेश लेना का छोटे बच्चों के लिए एकदम नया अनुभव होता है। इन मेलों का उद्देश्य है कि माताओं व समुदाय की मदद से इन बच्चों को शाला के लिए तैयार करना है। समुदाय व अभिभावको को यह एहसास व विश्वास दिलाना है कि वह ब'चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए मंगलवार को पढ़ाई बिहार ÷नाम से बीजापुर जिले के समस्त विकास खंड में 5 से 6 वर्ष के ब'चों को अब सभी प्राथमिक शालाओं एंव समस्त शिक्षक, शिक्षिकाये ,सक्रिय स्मार्ट मातायें और एक्टिव मदर कम्युनिटी के माध्यम से तथा जिला, ब्लाक एवं समस्त संकुल समन्वयक् के द्वारा प्राथमिक स्तर पर अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बीजापुर ब्लॉक से 116, भैरमगढ़ 192, भोपालपटनम 14 और उसूर प्राथमिक शाला से 178 बच्चे अंगना म शिक्षा तिहार में सम्मिलित हुये। जिले के समस्त संकुल केंद्र में अंगना मा शिक्षा पढाई तिहार÷ मेलों का आयोजन किया गया। डीआरजी सुषमा बर्मन ने बताया कि बच्चों की माताएँ अपने घर पर अपने आसपास से उपलब्ध संसाधनों जैसे- आलू, प्याज, टमाटर, विभिन्न सब्जियों, थाली, गिलास, चम्मच द्वारा सरलता से अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान, गिनती जोड़ना, घटाना आदि गतिविधियों को समझा सकती हैं। इस तरह माताएं अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम से जुड़कर बच्चों के बौध्दिक और सर्वागीण विकास में सहायक बनेंगे।

# लाखों रुपए के फ्राड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर 28 अप्रैल ।दिनांक 30-03-2023 को प्रार्थी द्वारा थाना कुटरू में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि माह नवम्बर 2022 को प्रार्थी के मोबाईल पर अज्ञात नम्बर से व्हाट्सएप कॉल आया जिसे रिसिव नही किये जाने से आवश्यक कार्य होना बताकर विडियो कॉल रिसिव करने को कहा गया , विडियो कॉल रिसिव करने पर न्यूड विडियो दिखने से प्रार्थी द्वारा तुरंत विडियो कॉल काट दिया गया । जिसके बाद अज्ञात लोगो के द्वारा मेरे चेहरे को जोड़ कर मार्फ विडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए मुझसे पैसे की मांग की गई । प्रार्थी द्वारा लोकलाज के भय से दिनांक 31-12-2022 से 22-02-2023 तक कुल 10,18,900/- दस लाख अट्ठारह हजार नौ सौ रूपये ऑन लाईन आरोपी द्वारा दिए गए नंबर मे जमा कराया गया । रिपोर्ट पर थाना कुटरू में अपराध क्रमांक 04/2023 धारा 420 भादवि 67(घ) आई0टी0 एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति0 पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चन्द्रकांत गवर्ना के मागर्दशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुटरू श्री विकास पाटले एवं थाना प्रभारी कुटरू के माध्यम प्राप्त प्रतिवेदन के माध्यम से आरोपी द्वारा प्रयुक्त नम्बरों से लिंक एकाउंट एवं कॉल डिटेल निकाले गये । जिस पर नम्बर धारक आरोपी दीपक कुमार सिंह पिता सत्येन्द्र सिंह उम्र 29 वर्ष पता ग्राम सिमली नवी नगर औरगांबाल बिहार हाल- मुंबई फ्लैट नम्बर 03 शांति सदन कोपर खैराने थाणें नवी मुंबई का होना पाया गया । आरोपी द्वारा घटना के बाद लगातार अपने लोकेशन बदल कर लुक छिप रहा था । दिनांक 25-04-2023 को लोकेशन मिलने के बाद थाना कुटरू एवं सायबर सेल बीजापुर की संयुक्त टीम द्वारा घटना के फरार आरोपी को जगदलपुर से पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 04 नग मोबाइल एवं अन्य दस्तावेज जप्त किये गए।

प्रकरण में थाना कुटरू द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुये घटना के आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है । प्रकरण में सायबर सेल प्रभारी उनि राजेन्द्र कंवर, सउनि नितेश पाण्डे, प्रआर/717 रामेश्वर मरकाम, आर/1039 योगेश्वर कपूर एवं आर/670 मतीन खान थाना कुटरू की सराहनीय भूमिका रही ।

समाचार संक्षेप

## सिविक एक्शन प्रोग्राम में सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को बांटे बर्तन, दवाइयां व भोजन



बीजापुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।222 वीं बटालियन केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप जांगला जिला बीजापुर में 222 वीं बटालियन के कमांडेंट श्री विनोद कुमार मोहरिल के कुशल मार्गदर्शन एवं उप कमांडेंट श्री प्रकाश सिंह वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी नागराजू अम्बाती सहायक कमांडेंट दीपू दमन सिंह रघुवंशी निरीक्षक श्री महाकाल एवं संगठन मंत्री श्री गणेश एक्शन का आयोजन किया गया जिसके तहत ग्रामीणों को बर्तन जैसे कढ़ाई हिंदी आदि के साथ चिकित्सा शिविर लगाकर बीमार एवं जरूरतमंदों का वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वीकृत से जांच की गई एवं प्रचुर मात्रा में दवाइयां भी वितरित की गई इस आयोजन में सुदूरवर्ती पोटेनर ग्राम बड़ेतुगाली कॉन्ड्रोजि बरदेला जांगला से बढ़-चढ़कर ग्रामीणों ने भाग लिया कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं 222 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समस्त जवान उपस्थित रहे इस अवसर पर समस्त ग्राम वासियों को जलपान एवं भोजन भी कराया गया इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल एवं ग्रामीणों के बीच प्रणब पर मधु मधुर संबंध सामान्य एवं है मुक्त वातावरण स्थापित करना रहता है।

## सामान्य सभा की बैठक में अधिकारी को दी विदाई



बीजापुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तमाम उतार चढ़ाव के साथ एक शासकीय कर्मचारी अपने जीवन काल का महत्वपूर्ण हिस्सा नौकरी में गुजारता है। पता ही नहीं चलता कब सहकर्मी और समाज के लोग उनके परिवार का हिस्सा हो गए। जब सेवा से विदाई की बेला आती है तो आंखे नम और गला भर आना लाजमी है। कुछ ऐसा ही क्षण जिला पंचायत सभागार में सामान्य सभा के बैठक के दौरान हुआ। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने मछली पालन विभाग के सहायक संचालक श्री एम एल बकोदिया का सेवानिवृत होने की जानकारी सभा में दी। जिला सीईओ ने श्री बाकोदिया के कार्य शैली तारीफ की । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम और जिला पंचायत सदस्य श्री बसंत राव ताटी,श्री सोमारूराम कश्यप, श्रीमती पार्वती कश्यप, श्रीमती बी पुष्पा राव, सुश्री जानकी कोरसा, श्रीमती बोधी ताती ने शाल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेटकर श्री बकोदिया को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे उनके गृह ग्राम मुंडेर



बीजापुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने थाना नेलसनार अर्न्तगत ग्राम मुंडेर के शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके गृह ग्राम पहुंचकर शहीद जवान की अंतिम यात्रा में शामिल हुऐ ज्ञात हो कि कल नक्सलियों द्वारा अरनपुर (दंतेवाड़ा) में जवानों से भरे वाहन को आईडी ब्लास्ट कर उड़ाया जिसमें 10 जवान सहित 1 वाहन चालक शहीद हो गए थे जिसमें बीजापुर जिले के नेलसनार थाना अर्न्तगत ग्राम मुंडेर के निवासी प्रधान आरक्षक मुन्ना राम कड़ती भी शहीद हो गया था। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अरनपुर घटना में शहीद जवानों को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

बीजापुर, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीते दिन दंतेवाड़ा के अरनपुर में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों को आज संध्या समय 6 बजे भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय बीजापुर के जयस्तंभ पर कैंडल जलाकर जवानों की आत्मा के शान्ति के लिए दो मिनट मौन रखा व शहीद जवानों को भावभीनी श्रदांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी, श्री तिरुपति कटला जी,श्रीघांसीराम नाग जी,श्रीजिलारामराना जी,श्री के.यशराज जी, श्री फूलचंद गागड़ा जी,श्री भूवनसिंह चौहान जी, श्रीजागर लचमैया जी,दीपक भट्ट,अमित राव,संजय गुप्ता,मिथलेश नाग,रघु,गणेश पात्रों महिला मोर्चा- के श्रीमती उर्मिला तोकल,माया झाड़ी,पूजा पोन्दी,ज्योति हेमला,संगीता दासर,नदनी यादव,रजन्ना उद्दे,सुगन्ति चालकी सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# एड्स पीड़ित महिला व परिवार का पंचायत नहीं बना रहा जॉब कार्ड

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम (पाण्डुका)। आदिवासी विकासखंड छूरा के एक ग्राम पंचायत में एचआईवी (एड्स) पीड़ित परिवार के साथ दुर्भावना सहित सरकारी योजनाओं का लाभ ना मिलने का मामला सामने आया है ।बता दे कि विकासखंड छूरा के एक ग्राम पंचायत ऐसा भी है जहा जागरूकता की कमी के कारण एक एचआईवी पीड़ित महिला और उसके परिवार के साथ पंचायत सहित ग्रामीणों के दूरभावना का शिकार हो रही है आज के समाज में जहां लोग छुआछूत भेदभाव जैसे कुरीतियों से दूर होने की बात कहते हैं ।असल जिंदगी में आज भी ग्रामीण अंचलों में यह रूढ़ी वादी विचारधारा खत्म होने का नाम नही ले।रहा है । इसकी वजह से कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें जिल्लत की जिंदगी जीना पड़ता है ऐसा ही एक वाक्या विकासखंड मुख्यालय के 20 किलो मीटर दूर एक गाव में देखने को मिला जहां एक एचआईवी पीड़ित महिला के परिवार को सामाजिक कुर्तियों का दंश झेलना पड़ रहा है साथ ही साथ स्वस्थ विभाग भी ग्रामीणों को।जागरूक नहीं कर पा रहे है ।तो वही जिम्मेदार ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव पदाधिकारियों का ऐसा रवैया की सहयोग की बजाय शासकीय योजनाओ से वंचित करने में तुले है । बता दें कि इस ग्राम पंचायत में एचआईवी पीड़ित महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और वह अपने पति के साथ एक किराए के घर में निवास करती हैं लगभग 20 साल से इस गांव में वहां उसका पति निवासरत है जिनके पास वोटर आईडी, आधार कार्ड ,राशन कार्ड ,पैन कार्ड ऐसे जैसे बहुत सारे दस्तावेज है जो।यह दर्शाता है की पीड़ित परिवार इसी गांव का निवासी है ।इसके बावजूद की आज तक ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत जॉब कार्ड नहीं बनाया गया है ।और जब नहीं बनने का कारण पूछा गया था पीड़ित महिला ने बताया कि रोजगार सहायक कहती है कि गांव वालों से तुम मिल लो फिर मैं तुम्हारा जॉब कार्ड बनाऊंगी साथ ही घर के नल कनेक्शन को भी काट।दिया गया है। जिस कारण दूसरे के घर या मोहल्ले से पानी लाना पड़ता है। बता दें कि महिला ने अपनी आप बीती रोते हुए मीडिया के सामने बताइ हाला की सामाजिक दंश से बुरी तरह प्रभावित उसका पति कुछ भी बोलने से हिचकिचा रहा था।और वह गांव वा पंचायत के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था ।पर पीड़िता महिला ने अपने ऊपर हो रहे ।इस प्रकार के गलत कार्यो के प्रति आवाज उठाई और अपनी दुख व्यक्त कि और उसने बताया की किस प्रकार हम लोग सामाजिक दुर्भावना का शिकार हुए है एवं जिल्लत की जिंदगी जी रहे हैं । उसने बताया की एक समाज विशेष के लोग खासा प्रताड़ित कर रहे हैं साथ ही ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक रोजगार गारंटी के तहत जॉब कार्ड नहीं बनाया है और नल जल का कनेक्शन भी हमारे घर का काट दिया गया है महिला ने अपनी आपबीती बताई कि उड़ीसा में ससुराल गई थी और उनके ससुराल पक्ष वालों ने जब वह 4 माह की गर्भावस्था में थी तो ओडिसा के एक अस्पताल में खून का बाटल चढ़ाया था । और मैं वही से संक्रमित हो गई । इसकी जानकारी जब उसके ससुराल वाले को पड़ा तो उन्होंने मुझे मायके में बैठा दिया । इसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति जो महासमुंद जिले से आकर हमारे गांव में बसे एक युवक से हम दोनों ने शादी कर लिए और हम दोनों के दो बच्चे भी है वा दोनों बच्चे स्वस्थ है और वह एचआईवी पीड़ित नहीं है उस समय जब दोनों ने शादी की तो समाज के



ठेकेदारों ने हम दोनों से ?10 ,10 हजार आर्थिक रूप से दंड भी लिया था पर इतने में भी समाज के ठेकेदारों कलेजा नहीं पसीजा।और आज भी बदला ले रहे है । वही पीड़ित महिला ने ।यह भी बताया कि उनके मायके इसी गांव में है और समाज के ठेकेदारों की वजह से वह मैं अपने मां बाप से भी मिलने नहीं जा सकती ना ही उनके गली में पैदल चल सकती हु । क्योंकि हम घृणा की दृष्टि से देखा जाता है वही इस बीमारी के इलाज के लिए रायपुर ,राजिम, छुरा,आना जाना पड़ता है ।इस कारण शासन की ओर से परिवहन विभाग द्वारा बस पास भी जारी किया गया है। पर बस वाले लोग जानबूझकर हमे अपनी बस में नहीं।बैठते हैं ।और इस प्रकार हम लोग सामाजिक दंश झेल रहे हैं एवं लोग हमें घृणा की दृष्टि से देखते हैं जैसे तैसे कर कर कुछ लोगों की यह रोजी मजदूरी कर कर अपना जीवन यापन व्यतीत कर रहे हैं एवं रोजगार गारंटी के तहत मिलने वाले किसी भी योजना का लाभ हम को नहीं मिल रहे हैं 4 महीने पहले हम लोग का राशन कार्ड बनाया गया है । जबकि हम लोग बीते लगभग 20 साल से यहां निवासरत है और बकायदा मतदान भी करते हैं पर ग्रामीणों सहित पंचायत प्रतिनिधियों की निरंकुशता के आगे हम लोग नतमस्तक और लाचार हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं । ऐसे में हमे अपने छोटे छोटे बच्चो की भविष्य की चिंता सता रहा है।वही इस बारे में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच से पता करने उनके निवास पहुंचा तो सरपंच पति चुम्मन लाल ने सरपंच से मिलने नही दिया और तबियत खराब होने का बहाना।बना दिया ।और पीड़ित।परिवार से मैं जाकर मिलने की बात कही ।

वही ग्राम पंचायत सचिव झंगलू राम से पूछने पर बताया की ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं है मुझे इतना बड़ा ग्राम पंचायत है छोटी मोटी बाते हो जाती है ।हड़ताल खत्म होने के बाद पंचायत प्रस्ताव बना कर जॉब कार्ड बना देंगे ।

तो वही इस बारे में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक कमलेश्वरी सिन्हा से पूछने पर उन्होंने बताया की गांव में कई प्रकार की बांते होती है । पर उपसरपंच को बोलकर उनका जाब कार्ड बनाए जाने के लिए बोल देती हु।

कार्ड बन जायेगा कोई दिक्कत नही है ।और अभी मैं छुट्टी में हू और प्रभार दूसरे रोजगार सहायक को दी हूं।

डॉक्टर हरीश चौहान जनरल सर्जन जिला अस्पताल गरियाबंद ने बताया की एच आई वी (एड्स)पीड़ित महिला,पुरुष परिवार के साथ ऐसे किसी प्रकार के गलत व्यवहार ना करे जागरूकता के अभाव में ऐसा हो रहा है तो गलत है।क्यों की ये किसी प्रकार के संक्रमित रोग नही है ।पीड़ित के साथ मिलकर रहने, बोलने,साथ में खाना खाने ,हाथ मिलाने से नही फैलता है। मेरा ग्रामीणों से अपील है कि उनके साथ सामान्य लोगो की तरह व्यवहार करे ।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिमगा, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा में तिल्दा रोड स्थित ढाबा में कार्यरत कर्मचारी विजय साहू पिता डोमार साहू (20) निवासी खुरुस बोड़ थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा निवासी परिजनों के अनुसार नशे का आदी था मृतक विजय साहू ने यादव के खेत में बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश जारी की एवं लाश को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया।

### ट्राइसिकल मिलने से रिझउ की जिंदगी हुई आसान



**सिमगा, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग रिझउ साहू पिता गणपत साहू को ट्रायसायकल प्रदत्त किया। आज जनपद पंचायत सिमगा में रिझउ साहू पिता गणपत साहू साकीन दरचुरा को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसायकल प्रदत्त किया गया। जिसमें जपं सिमगा से सेवाराम गेंडरे विकास विस्तार अधिकारी कौशल कुमार पटेल लेखापाल राजरानी तिवारी सहायक ग्रेड 2 ओम प्रकाश साहू ऑपरेटर रोहित ध्रुव रामस्वरूप भृत्य एवं जनपद पंचायत सिमगा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### सुनसान जगह पर लड़की से छेड़छाड़ करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में 18 वर्षीय प्रार्थीया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 अप्रैल की शाम करीब 6:00 बजे वह अपने मौसी के साथ मोबाइल बनवाने पैदल जा रहे थे रास्ते में नाला के पास चारों आरोपी गण एक मोटरसाइकिल से आए और बीच में बैठा एक लड़का उसे परेशान करने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर आगे चला गया, फिर गाड़ी को मोड़ कर वापस आकर फिर से परेशान करने लगा और उसके हाथ को पकड़ कर गलत नियत से अपनी ओर खींचने लगा। बड़ी मुश्किल से वह अपने हाथ को छुड़ाई। उसकी मौसी बीच बचाव की तो उसके साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी भोज निषाद एवं उनके तीन साथियों के विरुद्ध धारा 354, 354(घ), (1)(द्व), 294, 506, 323, 34भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पता तलाश में लिया गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की लगातार पता तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना टीम गठित कर आरोपी गण के सकुनत पर दबिश देकर पकड़ा गया, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफडीलक्स क्र. सीजी 22 एबी 6204 जप्त किया गया। अपराध सबूत पाए जाने से चारों आरोपी गणों को विधिवत गिरफ्तार कर आज 25 अप्रैल को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला नया करेला में अंगना मा शिक्षा-3.0 कार्यक्रम सम्पन्न

# बड़े धूमधाम से मनाया गया पढ़ाई तिहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़/करेला, 28 अप्रैल।** बच्चों की गुणवत्ता को उचित स्तर पर ले जाने के लिए महिला शिक्षिकाओं द्वारा एक नई पहल की शुरुआत की गई है। जिसमें घर पर रहकर माताएं घरेलू सामग्रियों के माध्यम से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़कर कैसे रखें जिससे माताओं द्वारा अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति उनके स्तर को समझने और उनकी शिक्षा में मदद मिल सके।

यही थीम के आधार पर अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत् शासकीय प्राथमिक शाला नया करेला के शाला प्रांगण में दिनांक 25/4/2023 दिन मंगलवार को पढ़ाई तिहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों एवं पहिली से तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं में से 10 एक्टिव माता का चयन किया गया। स्मार्ट माता- श्रीमती ममता कोसरे को ताज पहनाकर डायरी और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

अंगना मा शिक्षा की मास्टर ट्रेनर एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शाहिदा खान द्वारा अंगना मा शिक्षाकार्यक्रम के तहत् माताओं को अपने आंगन में उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल कर किस तरह बच्चो को शिक्षित किया जा सके, कैसे शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षा के प्रचार - प्रसार हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही शेष टांडिया सर द्वारा बच्चों को चित्र कविता कहानी खेल खेल के माध्यम से शिक्षा, सामग्रियों का वर्गीकरण, जोड़ना, घटाना, अंककूद, रंगो का ज्ञान के बारे में बच्चों को घर में कैसे पढ़ाया जाए की विस्तार से जानकारी दी गई।

पढ़ाई तिहार के दिन रिजल्ट की घोषणा की गई। प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चो को पेन और डेरिमिल्क ईनाम दिया गया। कक्षा 1 में प्रियांशी वर्मा- प्रथम, शेखर- द्वितीय। कक्षा 2 में आर्यन खान- प्रथम, दुर्गा वर्मा द्वितीय। कक्षा 3 में धनेश-प्रथम, नितेश- द्वितीय ।कक्षा 4 में मकरध्वज- प्रथम,मंजूषा कोसरे द्वितीय। कक्षा 5 में कीर्ति वर्मा- प्रथम, मोनीषा वर्मा-द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 के बच्चों को स्वल्पाहार और गिफ्ट देकर विदाई समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच- श्रीमती कोशिल्या बाई कंवर, ग्राम मुखिया सदस्य- हिरामन कोसरे, भारत वर्मा, स्स्ट के सदस्य,स्स्ट सदस्य, पालक सदस्य, एवम बच्चे तथा महिलाएं काफी संख्या में शामिल हुए।

### आसिफ खान ने पंजा कुश्ती में किया गरियाबंद जिले का नाम रोशन

# छुरा के बेटे ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में जीता गोल्ड मेडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 28 अप्रैल।** छुरा छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती एवं दुर्ग पंजा कुश्ती संघ के तत्वधान में 20वीं राज्य पंजा कुश्ती प्रतियोगिता भिलाई नगर के सूर्या मॉल में 23अप्रैल आयोजित किया गया।जिसमें विभिन्न जिलों से भिलाई, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, बिलासपुर, बेमेतरा, कांकेर, जगदलपुर इन सभी स्थानों से 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।गरियाबंद जिला नगर पंचायत छुरा के खिलाड़ियों ने भाग लेकर गरियाबंद जिला और छुरा नगर का नाम रोशन किया।महिला वर्ग में 50 किलोग्राम ओसिन बानो गोल्ड मेडल, 65 किग्रा में यशोदा ध्रुव गोल्ड मेडल, 70 किग्रा में नुपर रामटेके गोल्ड मेडल हासिल किया और महिला वर्ग में नूपुर रामटेके चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।बालक वर्ग में 60 किलोग्राम एकलव्य शर्मा सिल्वर पदक हासिल किया पुरूष वर्ग में 65 किलोग्राम में तिलेश नायक सिल्वर, 80 किलोग्राम में आसिफ खान ने गोल्ड मेडल, एवं हरीश पटेल सिल्वर मेडल, 85 किलोग्राम में तेज राज ठाकुर सिल्वर मेडल, 110 किलोग्राम में जितेन्द्र साहू गोल्ड मेडल और अजीज खान, डगेशवर, अफजल खान प्रतियोगिता में भाग ले कर अपने छुरा नगर जिला गरियाबंद और अपने माता पिता और गुरु का नाम रोशन किए है।

गरियाबंद पंजा कुश्ती संघ के सचिव आसिफ खान ने बताया कि गरियाबंद के खिलाड़ियों ने हमेशा पदक हासिल किया है।चाहे राज्य स्तरीय हो या राष्ट्रीय स्तरीय हमेशा छुरा नगर और जिला गरियाबंद का नाम रोशन करते आ रहे है। इस आयोजन में भारतीय पंजा कुश्ती संघ के महासचिव मनोज नायर ने बताया कि हर वजन वर्ग में दो-दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता जो श्रीनगर में18 मई से होने जा रहा है उसमे उनका चयन किया गया है।

# घर-घर पेयजल पहुंचाने के कार्य में तेजी लाएं : कलेक्टर

### जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक: पीएचई के ईई सहित सब इंजीनियर को कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 28 अप्रैल।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज कलेक्ट्रोट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने घरों तक नल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जल पहुंचाने के कार्य मे तेजी से प्रगति लाकर समय सीमा में पूरा कराएं। कलेक्टर बसंल ने सभी अधिकारियों व ठेकेदारों को कहा कि शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रखें। इस दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री, एसडीओ समेत सब इंजीनियर को कारण बताओ सूचना जांरी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा एवं एडीएम सुश्री रोमा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। कलेक्टर बंसल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में रिट्रोफिटिंग व नवीन कार्यो से संबंधित अब तक की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पीएचई के ईई, एसडीओ व सब इंजीनियर को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्य को मिशन मोड़ में करें, ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे कार्य की सतत मॉनिटरिंग करे। साथ ही कहा कि संबंधित अधिकारी मैदानी अमलो से प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट लें। कलेक्टर ने कहा कि टेण्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों द्वारा शीघ्र अनुबंध कर 15 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कर देना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे पाईप व नल इत्यादि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाईप बिछाने व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा गड्ढों को समय पर मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने के भी निर्देश दिए।

# वाहन दुर्घटना के प्रकरणों में अनावश्यक चक्काजाम जैसे कृत्यों से बचें : कलेक्टर

- विधिक प्रक्रिया से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में दर्ज कराएं प्रकरण : एसपी
- मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार एक्का का ऐतिहासिक निर्णय
- पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी को 1 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक राशि भुगतान करने का आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 28 अप्रैल।** जिले के विभिन्न स्थलों में अकास्मिक सड़क दुर्घटना होने पर आमजनों एवं स्थानीय नागरिक, परिजनों के द्वारा चक्काजाम जैसे कृत्य किए जाते है। जिससे अन्य आमजनों को विभिन्न रूप से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर रजत बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने ऐसे कृत्यों से बचने की अपील की है। एवं विधिक प्रक्रिया के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करते हुए आवेदक मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण?(ट्रिब्यूनल) में प्रकरण दर्ज कराते हुए मोटर यान अधिनियम 1988 धारा 166 के तहत बीमा कम्पनी (अन्य अनावेदकों) से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे ही एक प्रकरण ग्राम रिसदा निवासी दीपा वर्मा पति स्व. दुर्गेश वर्मा बनाम सुखीराम टंडन निवासी तुरमा एवं इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के मामले में न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन विजय कुमार एक्का ने निर्णय देते हुए आवेदक को 1 करोड़ 68 लाख 20 हजार रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी को देने का आदेश पारित किया गया है। जिसमें कुल प्रति कर राशि 1 करोड़ 13 लाख 97 हजार 30 रूपये दावा प्रस्तुत दिनांक 18 नवम्बर 2021 से 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से शामिल है। गौरतलब है कि 21 मई 2021 को दुर्गेश कुमार वर्मा लेखापाल के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लवन में पदस्थ था वह अपने गृह ग्राम रिसदा से अपने कार्य स्थल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लवन मोटर सायकल सीजी 22 जे 6233 से जा रहा था। सुबह 10 बजे ग्राम लाहोद चिरपोटा पुल के पास पहुंचे थे तभी लवन की आरे आ रही ड्रीम योगा सीजी 04 एमएल 9492 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दुर्गेश वर्मा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी।

#### 6 माह के भीतर होता है प्रकरणों का निराकरण

यदि कोई व्यक्ति यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए हादसे का शिकार हो जाते है तो वाहित बीमा कम्पनीयों को क्षतिपूर्ति देनी होती है। पर नियमों के जानकारी के अभाव में आम व्यक्ति इसका लाभ नहीं ले पाते है। ऐसे प्रकरणों पर आवेदकों को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में अपना प्रकरण पुलिस का सहयोग लेते हुए दर्ज कराना चाहिए। मामले का निराकरण 6 माह के भीतर ही कर दिया जाता है।

### खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षक के चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 2 व 3 मई को

**बलौदाबाजार, 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार खेल मंत्रालय और युवा कार्य एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत जिले में फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र कसडोल में प्रारंभ किये जा रहे है। जिसके लिए प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 1 अस्थायी रूप से प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। चयनित प्रशिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैम्पियनशिप (फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्व विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व एवं प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए. चयनित फुटबाल प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25 हजार रूपये का वेतन शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षक को राज्य सरकार के किसी भी मद से वेतन भुगतान नहीं होगा और न ही चयनित प्रशिक्षक राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन वेतन की मांग कर सकेगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 2 मई एवं 3 मई 2023 को दोपहर 2 बजे कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग आर.टी.ओ. परिसर बलौदाबाजार-भाटापारा में किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आर.टी.ओ. परिसर बलौदाबाजार-भाटापारा में 26 अप्रैल 2023 तक जमा कर सकते है।

### न्यायालय नायब तहसील दुर्ग-3

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ: जिला-दुर्ग, तहसीलदार-दुर्ग प.ह.नं.00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.RD202223430107300006**

## ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी इन्द्रौतिन पिता/पति स्व. आनंदराम पता, मुनीषा पिता/पति स्व. आनंदराम पता-, जयोत्रीबाई पिता/पति स्व. हिरदेराम पता-, कीर्तनबाई पिता/पति स्व. आनंदराम पता - जुनवानी, लेसकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता, परदेशीराम पिता/पति स्व. हिरदेराम पता-, लताबाई पिता/पति स्व. हिरदेराम पता-, निर्मला पिता/पति स्व. आनंदराम पता- नीताकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता-, सावित्री बाई पिता/पति स्व. हिरदेराम पता-, मनीषकुमार पिता/पति स्व. आनंदराम पता-, नेमकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता-, भगतराम पिता/पति स्व. हिरदेराम पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 206 (0.9700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लेसकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी, मुनीषा पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी, निर्मला पिता/पति स्व. आनंदराम पता जुनवानी, नेमकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी, इन्द्रौतिन पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी, नीताकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी, मनीषकुमार पिता/पति स्व. आनंदराम पता जुनवानी, नेमकुमारी पिता/पति स्व. आनंदराम पता- जुनवानी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/05/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/04/2023 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार दुर्ग-3 (छ.ग.)**

### धूमधाम से मनाई गई सेन महाराज की जयंती, मूर्ति स्थापना व सामुदायिक भवन का लोकार्पण

# सेन समाज नापित है उसे छूत नहीं लगती: विनोद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 28 अप्रैल।** डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मक्काटोला स्थित कारीपाठ माता प्रांगण में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। जिसमें डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह सहित डोंगरगढ़ जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन मे कभी चार लोगों से पंगा मत लेना पहला सामर्थ्यवान व्यक्ति, दूसरा मूर्ख व्यक्ति, तीसरा वैध और चौथा सेन समाज। उन्होंने सेन समाज मे फैली कुछ कुरीतियों को दूर करने की सलाह भी दी। समाज द्वारा दोना, पत्तल के कार्य को पुनः सेन समाज को देने एवं सेन समाज की धान को 2500 रुपये क्विंटल की दर से खरीदी करने की मांग को जायज ठहराते हुए इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षण करवाने का आश्वासन दिया।

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में अब तक 170 स्थानों में सेन जयंती मनाई जा चुकी हैं। उन्होंने समाज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेन समाज नापित है उनको छूत नही लगती, हमारे समाज का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन हम उनको नही जानते इसलिए हमें अपने इतिहास को जानने की, समझने की और लोगों को समझाने की जरूरत है। विनोद सेन ने कहा कि आज सभी तरह के शासकीय गैर शासकीय संगठन अपनी मांगों को मनवाने के लिए हड़ताल और धरना प्रदर्शन का रास्ता इख्तियार कर रही हैं तो उनकी मांगे पूरी हो रही हैं इसलिए लगत है कि अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए हमें भी हड़ताल का रास्ता इख्तियार करना पड़ेगा। 10 दिन अपने उस्तरे को आराम देकर दुकान बंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व समय से दोना पत्तल का कार्य सेन समाज करता आ रहा है लेकिन आज के इस दौर में कागज और प्लास्टिक से बने दोना और पत्तल का चलन हो गया है जिससे हमारी जीविका पर खासा असर पड़ा है इसलिए, सरकार से मांग है कि हमें वो कार्य वापस दिया जाए और सब्सिडी में पत्तल उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह किसानों की धान को 2500 रुपये क्विंटल में खरीदा जा रहा है और उसी किसान से मिली हुई धान को सेन समाज से 1200 रुपये क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है इस विसंगति को दूर करते हुए 2500 रुपये क्विंटल की दर से खरीदी की जाए। कार्यक्रम को जिला चंद्रसेन समाज के अध्यक्ष शिवकुमार सेन, गिरधारी सेन, संतोष सेन, महेश सेन सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संबोधन के पश्चात शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रो में समाज का नाम रौशन करने वाले विधार्थियों एवं सामाजिक बंधुओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./347/निविदा/लो.नि.वि./2023 भिलाई-चरौदा, दिनांक 27.04.2023

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Construction of Pathway And Green Belt Upgradation Work On Both Side Of The Road From Sirsa Chowk To Umda Chowk, Nagar Nigam Bhilai Charoda. | 132505 | रू. 222.76 | 19.05.2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा**

'प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, आओ धरती को जीने योग्य बनाए'

### कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर ( छ.ग. )

क्रमांक/डा.भी.अ.चि./क्रय 6202 रायपुर, दिनांक 26/4/2023

**ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के लिए सी.टी.व्ही.एस. विभाग के लिए इम्प्लांट एवं अन्य सामग्रियां क्रय करने हेतु ऑन लाईन निविदा क्रमांक 132246 आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 132246 में देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 28 APR, 2023 5:00.00 PM IST |
| BID DUE DATE | 18 MAY, 2023 12:00.00 PM IST |
| PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE | 18 MAY, 2023 12:30.00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCHEDULED) | 18 MAY, 2023 1:00.00 PM IST |

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर ( छ.ग. )**

जी-00670/3

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम विकास कुमार जैन पिता सोहन लाल था किन्तु अब से मेरा नाम विकास जैन पिता सोहन लाल जैन हो चुका है। अब मुझे भविष्य में विकास जैन नाम से ही जाना व पहचाना, संबोधित एवं लिखा जावे।

**विकास जैन**
**पता-म.क्र.41, वार्ड नं. 04, मेन रोड, राकेश मेडिकल स्टोर्स, दल्लीराजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा सूचना**

**क्रमांक 135/निविदा/लोक/2023-24 राजनांदगांव दिनांक 25/04/2023**

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रू.(लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अनटाईड फण्ड (चुंगीक्षति पूर्ति मद) योजनांतर्गत नया बस स्टैण्ड के पास सतनाम भवन में ग्रेनाईट, टाईल्स, पेंटिंग, एल्युमिनियम सेक्शन एवं सेनेटरी, विद्युतीकरण कार्य। | 19.96 | 17.05.2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http//www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23